


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 31 | ग्वालियर,8 दिसम्बर, शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## मध्य प्रदेश में पीएम मोदी के इस मंत्र ने दिलाई प्रचंड जीत, क्या मिशन 2024 में अपनाया जाएगा ये फार्मूला?

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अब से सात महीने पहले लाल परेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कार्यकर्ताओं को दिए गए जीत के मंत्र ने ऐसा असर दिखाया कि, बीजेपी ने प्रचंड बहुमतों से जीत हासिल की. वहीं विपक्ष पीएम मोदी के इस मंत्र का तोड़ नहीं ढूंढ सका. अब इस फार्मूले को बीजेपी लोकसभा चुनाव में भी अपनाने जा रही है. बता दें कि, मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 163 सीटों से जीत दर्ज की है. इस जीत की वजह बीजेपी के वोटिंग मैनेजमेंट माइक्रोप्लान का असर बताया जा रहा है. राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में जून महीने में बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सम्मान आयोजित किया गया था. इस सम्मेलन में करीब 10 लाख कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे.

**पीएम मोदी ने दिया था जीत का मंत्र**–लाल परेड मैदान पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया गया था. यह जीत का मंत्र था मेरा बूथ-मजबूत. इस मंत्र के तहत एक-एक कार्यकर्ता को दस-दस लोगों के संपर्क में आना था. इस मंत्र का असर यह रहा कि, प्रदेश में 27 लाख 14 हजार से अधिक कार्यकर्ता एक्टिव हुए. पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को 14 काम सौंपे थे. इसकी मॉनीटरिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष को दी गई थी. इस फार्मुले का असर यह हुआ कि, बीजेपी ने प्रदेश में 163 सीटों पर जीत दर्ज की.

**शाह का गुटबाजी पर फोकस**–मध्य प्रदेश चुनाव से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एमपी की कमान पूरी तरह से अपने हाथों में ले रखी थी. अमित शाह लगभग हर सप्ताह ही मध्य प्रदेश के दौरे पर आ रहे थे. शाह का पूरा फोकस गुटबाजी पर था कि, किसी भी हालत में गुटबाजी हाबी नहीं होने देना है. रथयात्रा के दौरान संदेश दिया गया

## गौ रक्षा दल ने गाय को राष्ट् माता को घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**मुरैना।** मुरैना, गौ रक्षा दल ने गाय राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा एवं नो मांगे रखी गई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार को गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा गौवंश को राष्ट्रहित एवं जनहित में परिवहन,संरक्षण,संवर्धन, कृषि सम्बन्धित उपयोग हेतु कानून निर्माण के सम्बंध में। हमारी भारतीय संस्कृति में गाय को श्रद्धा, आस्था और धर्म की मूल स्तंभ के तौर पर देखा गया है। सनातन धर्म में पशवो न गाव ( अर्थात गाय पशु नही है) तथा गावो विश्वस्य मातर ( अर्थात गाय विश्व की माता है ) कहा गया है लेकिन वर्तमान कानून में गाय को पशु की श्रेणी में रखा गया है। अस्तु भारत के बहुसंख्यक लोग चाहते हैं कि गौमाता को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्रमाता का सम्मान दिया जाए। भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे देश की संस्कृति भी कृषि आधारित है। हमारी संस्कृति गाय और गौवंश के बिना अधूरी है। गाय के बिना शायद भारत की कल्पना भी सम्भव नही है। वर्तमान में हमारे देश मे गाय की स्तिथि बहुत ही दयनीय है। सबसे अधिक जिसकी तस्करी की जाती है वह गाय ही है। गाय और गोवंश किसान हेतु अत्यंत अनिवार्य है, संस्कृति के लिए अनिवार्य, पूजनीय है। भारत की कल्पना गाय बिना अधुरी है।

हम निम्न विषयो पर नियमों की मांग करते करते है



1. यह कि, गौमाता को पशु की श्रेणी से हटाकर संवैधानिक तौर पर राष्ट्रमाता का सम्मान अविलंब दिया जाए।

2 .यह कि गौमाता एवम गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए पशुपालन विभाग से गोवंश को अलग कर गौ मंत्रालय बनाया जाए।

3. यह कि,गौवंश की तस्करी को रोकने हेतु नियम बनाये जाकर गौ हत्या से जुड़े हथियार, कारड़ाने आदि पर प्रतिबंध लगाए जाये।

4. गौवंश तस्करी से जुड़े परिवहन साधनों को पकड़ में लिए जाने के बाद उनकी जमानत न होने का कानून लाया जाए और तस्करी में एफ डीडी प्रयुक्त वाहन को आजीवन न छोड़ा जाकर स्क्रैप किया जाए।

5 .गौवंश तस्करी से जुड़े व्यक्ति, तस्करी में लिप्त व्यक्ति या व्यक्तियों को न्यूनतम करावास डीडी 10 वर्ष और अधिकतम आजीवन करावास किया जाएं।

6 .गौवंश के संरक्षण के क्रम में विशेष पुलिस इकाई,पशुपालन विभाग उड़नदस्ता,परिवहन विभाग की एक संयुक्त समिति बनाई जाए जो जिला स्तर पर तस्करी को नियंत्रित करें।

7 . गोवंश के मेले गौशाला परिसर में लगे

8. गोपालको को एक अन्य क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र लाने पर पंचायत के साथ-साथ गौ शाला का पत्र भी होना चाहिएं

9 . गौवंश की हत्या करने वाले को कठोर दण्ड दिया जाए तथा उसकी संपत्ति कुर्क कर गौशालाओं में गौसेवा में लगाई जाए।

आपकी संवेदनशील सरकार और कुशल नेतृत्व में ही यह सम्भव हो सकता है। अतः आपसे निवेदन है कि अतिशीघ्र गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर उपरोक्त विषयों पर कानून निर्माण करे तथा विषय की गम्भीरता को देखते हुए कार्यवाही करें।

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी के हत्यारों को त्वरित फांसी हो- करणी सैनिक



**अंबाह ।** दो दिन पूर्व राजस्थान में करणी सेना के, सर्व समाज की हितों की लड़ाई के लिए लड़ने वाले सुखदेव सिंह गोगामेडी जी की विधर्मी द्वारा गोलीमार का हत्या कर दी गई थी उसी के विरोध में आज अंबाह में विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें करणी सैनिकों ने टेकचंद जैन पार्क से निकलते हुए पूरे शहर में भ्रमण कर, आंदोलन विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही साथ हथियारों को तुरंत फांसी की सजा की मांग की आंदोलन यात्रा का टेकचंद पार्क पर समापन हुआ वहां पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें परिमाल परिहार ने युवाओं से आह्वान किया कि यह एक सर्व हारा वर्ग पर आघात है जो लोगों को जगाने का कार्य करते हैं उन्होंने बलिदान ही दिया। सैनिकों ,को सर्वहारा समाज को संबोधित करते हुए बताया कि कुछ हत्यारे जेल में बैठे हुए हैं उनके द्वारा निंदनीय कृत्य किया गया है जिसकी हम सभी निंदा करते हैं और सर्व समाज इनकी फांसी की मांग करते हैं। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की, हत्यारों के फांसी की मांग की।

## चाइल्ड अवेयरनेस फाउंडेशन राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन नई दिल्ली के तहत चंबल संभाग में हुआ फ्रॉड



**अम्बाह ।** अंबाह क्षेत्र के 46 प्रशिक्षण केंद्र सहित पूरे जिले में 113 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं। जिसके तहत समस्त प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण निरंतर कार्यरत है लेकिन आज दिनांक तक समस्त केंद्र संचालकों को कोई मानदेय नहीं दिया गया है जिसके तहत 2 नवम्बर 2023 दिन शनिवार को जयस्वर रोड अंबाह में स्थित अग्रसेन विद्या निकेतन स्कूल में मीटिंग रखी गई, जिसमें चाइल्ड अवेयरनेस फाउंडेशन नई दिल्ली के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह तोमर और उनके अन्य साथियों के द्वारा एक मीटिंग रखी गई जिसमें मानदेय को लेकर और अन्य कार्यों को लेकर चर्चा हुई, लेकिन आए दिन वह एक नया बहाना लेकर तालम टोल करते जा रहे हैं। मगर हद तो तब पार हुई जब कि इनके द्वारा एक वेबसाइट बनाई गई जिसमें प्रशिक्षण केंद्र की समस्त कक्षाओं के फोटो अपलोड किए जाते थे , लेकिन अब वह वेबसाइट ही 30 नवम्बर के बाद बन्द कर दी गई है, सॉफ्टवेयर में खराबी को लेकर अन्य तरह की समस्याओं को लेकर पिछले पांच माह से आए दिन हर बार एक डेट बता दी जाती है, लेकिन आज दिनांक तक प्रशिक्षण केंद्र संचालकों को कोई पैसा नहीं दिया गया है जिसके चलते प्रशिक्षण केंद्र संचालकों अब आगे प्रशिक्षण केंद्र जारी रखने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन आज तक चाइल्ड अवेयरनेस फाउंडेशन नई दिल्ली के द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के संस्थापक के द्वारा कोई पैसा नहीं दिया गया है।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता की बिदाई



मुंगावली में महिला स्वास्थ कार्यकर्ता के रूप में पदस्थ पुष्पा सक्सेना का बिदाई समारोह आयोजित हुआ, इस समारोह में शासकीय अस्पताल मुंगावली के सभी चिकित्सक के अलावा स्वास्थ सेवा से जुड़े सभी लोग शामिल हुए।डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी, डॉक्टर अमित आर्य, अनुभा सिंघई , अमित पांडे ने पुष्पा सक्सेना के कार्यकाल की जमकर तारीफ की ओर बताया की जब देश में कोरोनाकाल से लोग बेहाल थे तब पुष्पा सक्सेना ने सराहनीय कार्य किया जो सदैव प्रशंसा का पात्र इस सिविल अस्पताल के लिए रहेगा, कोरोना काल में पुष्पा सक्सेना ने करीब 2 लाख टीके अपने साथियों के साथ लोगो की जान बचाने हेतु लगाए।अब उनकी विदाई के समय सभी ने भावपूर्ण अपने विचार उनके लिए व्यक्त किए और उनके आने वाले कल के लिए शुभकामनाओं से प्रेषित किया।

## बालकों में ईश्वर का वास होता है- प्रधान जिला न्यायाधीश

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में गतदिवस वृद्धाश्रम मंगलम शिवपुरी एवं बाल गृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी ने वृद्धाश्रम एवं बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवासरत जन को मिलने वाले स्वल्पाहार, भोजन एवं स्वास्थ्य व मनोरंजन संबंधी सुविधाओं के बारे में देखा गया तत्पश्चात श्री सोनी ने कहा कि बालकों में ईश्वर का वास होता है जबकि माता-पिता साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं हमें प्रयास करना चाहिए कि कोई बालक माता-पिता अथवा परिवार के बगैर जीवन यापन करने का मजबूर न हो और न ऐसी परिस्थिति निर्मित हो जिससे कि वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़े।साथ ही कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले नगरिकों के यदि किसी संवैधानिक या कानूनी अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वे विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि ऐसी सामाजिक संस्थाओं में प्रत्येक व्यक्ति को मिलजुलकर सहयोग करना चाहिए। तत्पश्चात वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं बाल गृह में रहने बालकों ने अपने अनुभव प्रधान जिला न्यायाधीश के समक्ष साझा किये। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय शिवपुरी से उपस्थित मेडिकल टीम के द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई।इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह, जिला रजिस्ट्रार जितेन्द्र मेहर, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चड़ार, वृद्धश्रम मंगलम के डायरेक्टर अरविंद चौधरी, मैनेजर विवेक काले, स्वास्थ्य टीम से डॉ.प्रवीण वर्मा, डॉ.वैष्णौदेवी चंदौरिया, डॉ.एस.के.पिप्पल, होम्योपैथी से डॉ धर्मेन्द्र दीक्षित बाल गृह से अधीक्षक मनीषा कृष्णानी, बाल कल्याण अधिकारी हिम्मत सिंह रावत, हाउस फादर समीर खान आदि उपस्थित रहे।



## बाउंसर फेंक वसुंधरा जीतेंगी बाजी या होंगी हिट-विकेट?





सर्दी के मौसम में राजस्थान का सियासी पारा गर्म है. प्रचंड बहुमत मिलने के चार दिन बाद भी भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं कर पाई है. यहां सीएम पद के कई दावेदार हैं. हर दावेदार बैकफुट पर खेलते हुए अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटा है.प्रदेश की दो बार बतौर मुख्यमंत्री कमान संभाल चुकी वसुंधरा राजे तीसरी बार सीएम बनने के लिए आक्रमक बैटिंग करती दिख रही हैं.

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी को श्रद्धांजलि दी गई



आज नरवर में क्षत्रिय महासभा ने नरवर तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा एवं अपराधियों पर कार्रवाई करने की मांग की ओर धुवाई चौराहे पर सभी समाज के लोग एकत्रित होकर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी को श्रद्धांजलि दी ।

## फरीदाबाद में नवजात बच्ची को ऑक्सीजन दिलाने की बजाय पिता ने झाड़ियों में फेंका, ऐसे बची जान

दिल्ली से सटे फरीदाबाद से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसे जानने के बाद निश्चित ही लोगों की आंखें नम हो जाएंगी. साथ ही यह विचार मन में कौंध उठेगा कि क्या यह उसी भारत देश की घटना है, जो तेजी से दुनिया में अपना नाम विकसित देशों की सूची में शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. यह घटना अमानवीयता के उस पहलू को दर्शाता है, जिसे हर किसी को जानना चाहिए ताकि अगर कोई ऐसा करता है तो लोग उसके खिलाफ आवाज उठा सके.मामला फरीदाबाद का है, जहां चार दिसंबर को सेक्टर-59 में मलेरना सड़क के किनारे एक नवजात को ठिठुरन भरी ठंड में झाड़ियों में पड़ा



पाया गया. हैरानी की बात यह है कि उसे किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही अपने पिता ने जन्म के बाद मरने के लिए छोड़ दिया. ऐसे लोग जो बेटों की चाह में बेटियों को जन्म नहीं देना चाहते हैं, या फिर जन्म के बाद मारने के लिए ऐसे ही फेंक देते हैं, वे ये नहीं समझते हैं कि जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से ही हो, बेटियां भी घर में उजाला करती हैं. जिस नन्ही सी गुड़िया को सीने से लगा कर प्यार करना था, उसके पिता ने उसे प्यार तो दूर शायद जिंदा रहने के काबिल भी नहीं समझा.

**राहगीर ने बच्ची को देखकर दी पुलिस को सूचना**–ये तो भला हो उस राहगीर का, जिसे वहां से गुजरने के दौरान बच्ची के रोने की आवाज सुनाई पड़ी और जब उसने आवाज की दिशा में जाकर देखा तो पाया कि एक नवजात बच्ची ठंड में बिना कपड़ों के झाड़ियों में पड़ी हुई है और सर्दी की वजह से कांप रही है. उस राहगीर ने तुरंत ही इसकी सुचना, स्थानीय बल्लभगढ़ पुलिस को दी. इस सूचना पर बल्लभगढ़ महिला थाने की प्रभारी इंस्पेक्टर गीता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने कब्जे में ले लिया. बच्ची के पैर पर अस्पताल का टैग लगा हुआ था, जिस पर लिखा था बेबी ऑफ नीतू.

## अंबाह पीजी कॉलेज में अतिथि व्याख्यान संपन्न

अंबाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में रसायन विभाग द्वारा रसायन परिषद के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद परिषद के अध्यक्ष आदिल गौरी एवं सचिव काजल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विभागाद्यक्ष डॉ.व्ही के जैन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सागर सिंह राजावत का परिचय विद्यार्थियो के समक्ष प्रस्तुत किया। दैनिक जीवन में रसायन एवं रसायन विज्ञान में कैरियर विषय पर आयोजित व्याख्यान में सनफार्मा कंपनी - बड़ोदरा के सीनियर एक्जीक्यूटिव श्री सागर सिंह राजावत ने रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट (आर एन डी) के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा आज फार्मा क्षेत्र में नौकरी के अवसर शीघ्रता से बढ़ रहे हैं। आप लोग अपने महाविद्यालय की रसायन प्रयोगशाला में यदि ध्यान से काम करोगे तो यही अनुभव आपको आगे काम आएगा। चंबल के विद्यार्थियों में प्रतिभा और ज्ञान की कमी नहीं है। अंबाह कॉलेज के रसायन विभाग से निकले विद्यार्थी फार्मा क्षेत्र में बहुत ऊंचाई तक पहुंचे हैं आप भी उस ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं। उल्लेखनीय है की रसायन विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अपने विद्यार्थियों हेतु फार्मा कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं इस श्रेणी में श्री सागर सिंह राजावत ने एक सफल होनहार विद्यार्थी के रूप में अपनी पहचान फार्मा इंडस्ट्री में प्राप्त की है।कार्यक्रम की अध्यक्षता रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. व्ही के जैन ने की तथा मुख्य अतिथि के रुप में अर्थ शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ कमल भारद्वाज उपास्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामकिशोर उपाध्याय ने किया तथा आभार प्रर्दशन रसायन परिषद के परामर्शदाता मुकेश श्रीवास ने किया। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत शर्मा, प्रोफ़ेसर रेखा करोलिया एवं बड़ी संख्या में बी. एससी., एम.एससी. के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



# यह सनातन और भारत माता की जीत है देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना हमारा ध्येय – उमाकांत शर्मा

**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**

सनातनी केसरियामय स्वागत जुलूस का समापन बुधवार को कुरवाई रोड़ स्थित चंद्रमोहन सभागार में हुआ। इस अवसर पर आयोजित हुई आभार सभा में भी विधायक उमाकान्त शर्मा का अलग ही अंदाज नजर आया। एक ओर उन्होंने अपनी ओर प्रदेशभर में भाजपा की बंपर जीत का श्रेय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री शिवराजसिंह की और सनातन जीत बताते बुरे कहा कि यह भगवा ओर भारत माता की जीत है इसके साथ ही उन्होंने तीनों राज्यों में कांग्रेस की शर्मनाक हार को राष्ट विरोधियो की हार बताया है। इस मौके पर उन्होंने भीतरघात करने वालो को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गद्दार न देश में चाहिए न पार्टी में न घर मे। ऐसे ही जयचंदो की वजह से सिरोंज की राजनीति में संत स्वभाव वाले लक्ष्मीकांत जी का कुछ अपनो ने कुछ गैरो ने अभिमन्यु की तरह फसाकर राजनैतिक हत्या कर दी ओर उनको 2013 का चुनाव हरा दिया तथा सिरोंज की तकदीर तस्वीर



बदलने वाले विकास को भी रोक दिया।उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि सिरोंज लटेरी की जनता जनार्दन ने मुझे व हम सबके नेता स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा को बार बार इतना आशीर्वाद प्रेम स्नेह दिया है कि में कोटि कोटि जन्म ले लू तो आप सबके ऋण से मुक्त नही हो सकता। उन्होंने अगले जन्म में भी भगवान से इसी भूमि पर जन्म दिए जाने की कामना करते हुए कहा कि उमाकांत शर्मा समाज की संपत्ति है मेरा जीवन देश,समाज और कार्यकर्ताओं तथा जनता के लिए समर्पित है। मुझे व मेरे परिवार को आप सबसे हमेशा की तरह मिले प्रेम स्नेह से में इतना अभिभूत और गदगद हूँ कि जिसको शब्दो में व्यक्त करना चाहूँ तो कम है ऐसे में मन करता है कि में स्वयं को भी आप पर न्योछावर कर दूँ। मेंने सच्चे मन से जनता जनार्दन मतदाता बहिनो भाइयों बुजुर्गों कार्यकर्ताओ की सेवा करने का प्रयास किया है। आज भारत के विश्व मे मजबूती के साथ स्थापित होना अन्य महाशक्तियों को खटक रहा है। टुकड़े टुकड़े गैंग देश मे फिर से अराजकता का माहौल बनाना चाहती है। इसके लिए देश के हितों की रक्षा के लिए मोदी जी नेतृत्व की राष्ट्रवादी सरकार बहुत आवश्यक है इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवपुर मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, चितावर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत, नगर मंडल अध्यक्ष पारस तारण,विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा, चुनाव संयोजक रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे,पदम ताम्रकार,आलोक शर्मा, पार्षद रूपेश यादव , संजू सोनी डॉ विनोद मडोतिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर, जितेंद्र बघेल, सीताराम कुशवाह , छोटू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। जिसमें कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार भार्गव ने किया।

# मानवाधिकार सुरक्षा संघ ने डॉ. अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**पुष्पांजलि टुडे खरगोन**
**मुन्ना खान की खबर**

**निकट बरुड़** - पुरी दुनिया में 06 दिसंबर के दिन को बाबा साहेब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है डॉ.भीमराव आंबेडकर भवन बरुड़ में बाबा साहेब के अनुयाई उपस्थित हुए जिसमें महिला पुरुष और बच्चो ने भाग लेकर सबसे पहले बाबा साहेब आंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सभी ने मोमबत्ती जलाकर केंडल मार्च निकालकर उन्हें याद किया।सभी



अनुयायीयो ने कतारबद्ध होकर हाथों में मोमबत्ती जलाकर जब तक सुरज चांद रहेगा,बाबा तेरा नाम रहेगा के नारे लगाते हुए नम आंखों से याद कर रहे थे।मानवाधिकार सुरक्षा संघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश गांगले के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,तहसील अध्यक्ष सुनील दवाने, ने सफल रैली का आयोजन किया और ग्राम के रामचंद्र शिंदे,किशोर दवाने,मनोज कोचले, राजेश पगारे,खुशबू दवाने,कोमल,निक्कू, प्रेरणा, हसी आदि ने भी सहयोग प्रदान किया।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कलेक्टर को लगाया गया सेना ध्वज और लेपल पिन







**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर गुरुवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारियों द्वारा सशस्त्र सेना ध्वज और लेपल पिन लगाया गया। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सहयोग राशि तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनींद्र त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारियों द्वारा सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर ऋषि पवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सशस्त्र सेना ध्वज और लेपल पिन लगाया गया। कर्नल मुनींद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। झंडा दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित अनुदान को सेना में शहीद हुये सैनिकों तथा उनके आश्रितों के कल्याणार्थ तथा विकलांग और अदम्य साहसी योगदान देने वाले सेवानिवृत्त सैनिकों की योजनाओं पर व्यय किया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर, को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर मोटर वाहनों में लगने वाले कार ध्वज तथा प्रतीक ध्वज वितरित करने से संग्रहित राशि से शहीद सैनिकों के आश्रित परिजन, दिव्यांग सैनिकों, पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं।

# मा0 मंत्री ए0के0 शर्मा ने जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा





**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजलि टुडे**

एटा मा0 मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत तथा नगर विकास उ0प्र0 श्री ए0के0 शर्मा ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपरान्ह में जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना स्थल मलावन पहुंचे जवाहरपुर तापीय परियोजना स्थल पहुंचने पर मा0 मंत्री जी का प्रबंध निदेशक पी0 गुरूप्रसाद, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, विधायक सदर विपिन वर्मा डेविड ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया मैसर्स दूसान पावर सिस्टम इण्डिया प्राइवेट लि0 द्वारा 1320 मेगावाट जवाहरपुर तापीय परियोजना का निर्माण कार्य 12320.43 करो? की लागत से कराया जा रहा है मा0 मंत्री जी ने इस दौरान एस0 डक्ट, रेलवे साइट, रेलवे ट्रैक, बायलर, टरबाइन, कुलीन पावर, कन्ट्रोलरूम आदि प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की जनपद में 27980 लोगों ने ओटीएस स्कीम का लाभ लेते हुए लगभग 19 करो? रूपये की धनराशि जमा की है ओटीएस के तहत 100 प्रतिशत छूट की स्कीम 15 दिसम्बर तक ही है, इसका लाभ लेकर अपना बिल जमा करें, जिससे भविष्य में कोई समस्या न हो। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक पी0 गुरूप्रसाद, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, परियोजना प्रबंधक अजय कुमार, मुख्य अभियंता आर0एस0 कुशवाह, अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये की गई घोषणा के फलस्वरुप सरपंच और पंच पदों के लिये रिक्त ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत सतना और मैहर जिले की ग्राम पंचायतों में रिक्त सरपंच और पंच पद के लिये निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक रात्रि 10 बजे के पश्चात लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति देने के लिये संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी को अधिकृत किया गया है। जबकि विशेष परिस्थितियों में रात्रि 10 बजे के पश्चात सार्वजनिक सभा और रैली में लाउडस्पीकर का उपयोग करने अनुमति सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही दी जायेगी। मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व किसी भी प्रकार से लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार प्राधिकृत अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वे लाउड स्पीकर के उपयोग से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु एक पंजी रखेगें। आवेदन पत्र प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारी आवेदन पत्र के ऊपर आवेदक का नाम, प्रस्तुत करने की तिथि और समय अंकित करेगें। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किये गये आवेदन पत्र की पावती दी जा सकती है। प्राधिकृत अधिकारी के किसी कारणवश अनुपस्थिति रहने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नियुक्त/अधिकृत अधिकारी को सौपे जा सकते हैं। लेकिन उपयोग की अनुमति केवल प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही दी जायेगी। कोई भी राजनैतिक दल के प्राधिकारी एवं अभ्यर्थी के द्वारा यदि ध्वनि विस्तारक यंत्र का किसी वाहन मे किया जाना है, तो वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं विवरण देते हुये आवेदन पत्र प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। अनुमति उपरांत वाहन के रजिस्ट्रेशन की जानकारी निकट के पुलिस स्टेशन मे भी देना अनिवार्य होगा। स्वीकृत अवधि के पश्चात ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग दंडनीय अपराध होगा। स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समस्त अनुज्ञा की प्रति संबंधित अधिकारी को पृष्ठांकित की जायेगी। यह आदेश निर्वाचन कार्य मे संलग्न अधिकारियो एवं पुलिस अधिकारियो, जिन्हे की कानून व्यवस्था के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र की आवश्यक है, उन पर प्रभावशील नही होगा।

# कीटनाशकों का उपयोग एवं सावधानियां...

कीटनाशक रसायन मनुष्य के शरीर में मुंह त्वचा तथा श्वास के माध्यम से प्रवेश करते हैं जो की बेहद हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं इसलिए कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेक पूर्ण उपयोग हमें करना चाहिए एवं निम्न सावधानियां रखनी चाहिए § कीटनाशक खरीदते समय- 1.कीटनाशक सिर्फ पंजीकृत डीलर से ही खरीदें जिसके पास वेध लाइसेंस हो 2.जितनी आवश्यकता हो उतना ही कीटनाशक खरीदें 3.कीटनाशकों के पैकेट पर मान्यता प्राप्त लेवल अवश्य देखें एवं लेवल पर बैच संख्या, पंजीकरण संख्या, मैन्युफैक्चर और एक्सपायरी तिथि भी देखें 4. कंटेनर में अच्छी तरह से पैक किए हुए कीटनाशक ही खरीदें § संग्रहण- 1.कीटनाशकों का संग्रहण हमेशा घर से दूर करना चाहिए 2.कीटनाशकों का भंडारण मूल पैकिंग में ही करें 3.कीटनाशक और खरपतवार नाशक को अलग-अलग संग्रहित करना चाहिए 4.जिस स्थान पर कीटनाशकों को संग्रहित किया जाना है उस स्थान पर चेतावनी के संकेत दिए जाए 5.कीटनाशकों का संग्रहण हमेशा ऐसी स्थान पर करना चाहिए जो बच्चों और पशुओं की पहुंच के दूर हो 6.संग्रहण के स्थान पर सीधी धूप और बारिश का पानी नहीं पहुंचना चाहिए § परिवहन- 1.कभी भी कीटनाशकों को खाद्य पदार्थ अथवा चारा या अन्य खाद्य वस्तुओं के साथ नहीं ले जाना चाहिए 2.परिवहन के दौरान कीटनाशकों को अलग-अलग रखें 3.कभी भी अधिक मात्रा में कीटनाशकों को अपने सिर, कंधे या पीठ पर ना ले जाए 4.इस्तेमाल वाले स्थान पर अधिक मात्रा में कीटनाशक पहुंचांने के लिए विशेष सावधानी अपनानी चाहिए § छिड़काव के लिए घोल तैयार करते समय सावधानी- 1.साफ पानी का इस्तेमाल करें 2.अपने शरीर को कवर करने के लिए दस्ताने, मास्क, टोपी पूरी पेंट आदि का इस्तेमाल करें 3.छिड़काव की घोल से हमेशा अपनी नाक,आंख,कान और हाथों का बचाव रखें 4.इस्तेमाल करने से पहले कीटनाशकों के कंटेनर पर दिए गए दिशा निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें 5.जितनी आवश्यकता हो उतना ही सामग्री तैयार करें 6.ठंडा और सही मौसम वाले दिन छिड़काव करना चाहिए 7.बारिश के तुरंत पहले और बारिश के तुरंत बाद छिड़काव नहीं किया जाना चाहिए 8.छिड़काव के लिए बताए गए स्प्रे उपकरण का इस्तेमाल करें 9.छिड़काव के बाद स्प्रे उपकरण और बाल्टियों को साबुन का इस्तेमाल कर साफ पानी से साफ कर लें 10.छिड़काव के तुरंत बाद उस स्थान पर पशु अथवा मजदूरों को प्रवेश नहीं करने देना चाहिए 11.हवा की विपरीत दिशा में छिड़काव नहीं करना चाहिए 12.कीटनाशकों को मिलाने के लिए उपयोग में लाई गई बाल्टी और कंटेनर को धोने के बाद ही घरेलू इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए 13.सुरक्षात्मक कपड़ों के बिना घोल के छिड़काव के तुरंत बाद खेत में प्रवेश नहीं करना चाहिए 14.मधुमक्खियां खाद फसलों में परागण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है मधुमक्खियां के सक्रिय फोरेजिंग अवधि के दौरान स्प्रे ना करें § उपकरणों का चयन- 1.सही प्रकार की नोजल का चयन करें 2.खरपतवार नाशक और कीटनाशक के छिड़काव के लिए अलग-अलग उपकरण का इस्तेमाल करें 3.. लीक अथवा खराब उपकरण का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए 4.बंद नोजल को अपने मुंह से साफ ना करें बल्कि किसी पुराने दांत साफ करने वाले ब्रश का इस्तेमाल करें § छिड़काव करते समय सावधानी- 1 खाली पेट कीटनाशकों का छिड़काव नहीं करना चाहिए बताई गई मात्रा और पानी का ही इस्तेमाल करना चाहिए 2.कुछ भी खाने अथवा धूम्रपान करने से पहले हाथों और चेहरे को साबुन से अच्छी तरह से धो लेना चाहिए 3.जहर के लक्षण दिखने पर सर्वप्रथम प्राथमिक उपचार करें और डॉक्टर को दिखाएं डॉक्टर को खाली कंटेनर भी दिखाएं 4.बची हुई सामग्री को नाली या तालाब में नहीं बहाना चाहिए 5.कीटनाशकों के खाली कंटेनर को अन्य सामग्री के संग्रह के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए § छिड़काव के बाद सावधानी- 1.छिड़काव के बाद बची हुई सामग्री को बंजर भूमि जैसे स्थान पर नष्ट करना चाहिए 2.इस्तेमाल में लिए गए कंटेनर हो या खाली कंटेनरों को तुरंत नष्ट कर देना चाहिए और उन्हें जल संसाधनों से दूर मिट्टी में गाढ़ देना चाहिए

**डॉ. जयदीप सिंह भदौरिया**
**विकासखंड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा)**
**विकासखंड कैलारस जिला मुरैना**
**(म.प्र.)**

# कलेक्टर ने नन्हे बालक के इलाज के लिए दी 20 हजार की आर्थिक सहायता

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**




कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने ब्लड शुगर की बीमारी से ग्रसित 05 वर्षीय नन्हे बालक हर्षराज के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उसके उपचार के लिए 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। इस सहायता राशि के मिलने से बालक हर्षराज के पिता संजय सिंह चौहान को ब?ी राहत मिली है और वह इससे खुश है।ब?वाह निवासी संजय सिंह आज 07 दिसंबर को अपने बीमार पुत्र के उपचार के लिए मदद की गुहार लेकर कलेक्टर श्री शर्मा के पास पहुंचा था। उसके बताया कि उसका 5 वर्षीय पुत्र हर्षराज ब्लड शुगर की बीमारी से ग्रसित है। पुत्र हर्षराज का उपचार किया जा रहा है जिसमें अत्यधिक पैसा खर्च हो रहा है। पुत्र को प्रतिदिन 300 रुपये का इंजेक्शन लगाया जा रहा है। गरीब होने के कारण वह इतना खर्च वहन नहीं कर पा रहा है। संजय सिंह की समस्या सुनने के बाद कलेक्टर श्री शर्मा ने तत्काल उसे 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया है।

# 10 दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान,2 लाख 66 हजार 137 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

जीवन भर के लिए दिव्यांग (विकलांग) बना देने वाली पोलियो की बीमारी के उन्मूलन के लिए खरगोन जिले में आगामी 10 दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री डॉ. एमएस सिसोदिया ने बताया कि 10 दिसंबर को जिले में 0 से लेकर 05 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो निरोधक दवा की खुराक पिलाई जाएगी। जिले में 0 से 05 वर्ष तक के 2 लाख 66 हजार 137 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पल्स पोलियो कार्यक्रम 10 दिसंबर एवं 12 दिसंबर को संचालित किया जायेगा। आमजन से अपील की गई है कि आगामी 10 दिसंबर को अपने 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलिया निरोधक दवा पिलाने के लिए निकट के पोलिया बूथ पर अवश्य लेकर आएं।

# दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आगामी 15 दिसंबर से पूर्व लगवाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में अति. क्षेत्रीय परिवहर अधिकारी श्रीमती ऋतु अग्रवाल ने बताया कि यदि निर्धारित समय के पश्चात् हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बगैर कोई भी वाहन स?क पर संचालित होते पाया गया तो उसके विरुध्द नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी। नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन कंपनी के शोरुम में जाकर अथवा ऑनलाइन ूएववाउलीतचण्बवउ पर आवेदन किया जा सकता है। शोरुम पर भी फीस ऑनलाइन जमा करनी होगी तथा जमा फीस की रसीद वाहन स्वामियों को अनिवार्य रुप से देना होगी।

# नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर को,बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होगें समझौते

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशनानुसार वर्ष 2023 की अंतिम नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जायेगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में चिन्हित किये गये मुकदमा पूर्व और न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण के लिये रखा जायेगा। लोक अदालत में राशि वसूली, श्रम और रोजगार संबंधी विवाद, बिजली, पानी के बिलों सहित अन्य बिल भुगतान, मेंटेनेंस सहित अन्य प्रकरणों को लोक अदालत में रखा जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि 9 दिसम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। जिसमें शासन द्वारा प्रदाय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार छूट प्रदाय की जायेगी। जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल भुगतान, संपत्ति एवं जल कर, उपभोक्ता प्रभार तथा अन्य करों के अधिभार के लिये शेष हैं। ऐसे उपभोक्ता नेशनल लोक अदालत के माध्यम से शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ ले सकते हैं।प्रिलिटिगेशन स्तर पर- कंपनी द्वारा आँकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आँकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में- कंपनी द्वारा आँकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आँकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100⁄तिशत छूट दी जाएगी।लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगीआवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आँकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता या उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन अथवा संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी या अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी या अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत अथवा अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता या उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य बिजली बिलों में जु?ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। छूट मात्र नेशनल लोक अदालत के दिन यानि 9 दिसंबर 2023 के लिये लागू होगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरुद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी।

# पल्स पोलियो प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम. एस. सिसोदिया एवं जिला टिकाकरण अधिकारी डॉ. संजय भट्ट द्वारा आज 07 दिसंबर को पल्स पोलियो प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। जिला टिकाकरण अधिकारी डॉ. भट्ट ने बताया कि अभियान के तहत जिले में कुल 2 लाख 66 हजार 137 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी, पहले दिन 10 दिसंबर को बूथ पर दवा पिलाई जायेगी।11 व 12 दिसम्बर को पोलियो बूथ पर दवा पिने से शेष रहे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इसके लिए 2052 बूथ बनाये गये है, जिस पर कुल 4104 कर्मचारियों द्वारा सेवाएँ दी जायेगी। इसमें 70 गोबाईल टीम रहेगी जो पहुँचविहीन क्षेत्र, ईट भट्टा, निर्माण कार्य, खेत खलिहान आदि क्षेत्र में जाकर दवा पिलायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिसोदिया ने अपील कि है कि अधिक से अधिक संख्या में बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियों की दवा पिलाये।

**श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा - गृह संपर्क**

# चाचोड़ी . खरोखडा भाजपा खोड मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह राजपुरोहित ने ग्राम चांगवा में सामाजिक आयोजन में आगामी

**पुषापंजली टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**
1 जनवरी से 10 जनवरी तक श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान को लेकर जानकारी में बताया किपूजित अक्षत, पत्रक व श्री राम मंदिर का चित्र यह तीन वस्तु को लेकर प्रत्येक घर में संपर्क कर जागरूक किया जाएगा और प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर शंखध्वनि, घंटानाद, प्रसाद वितरण करें । सभी मंदिरों में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन-आरती-पूजा करना है ।÷श्री राम जय राम जय जय राम÷ विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करना है ।हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ कर सकते हैं मंदिरों को अच्छे से सजाया जा सकता है । अपने अपने घर को अच्छे से सजा सकते है , जैसे तोरण, रंगोली, झालर इत्यादि सजावट कर सकते हैं । अपने क्षेत्र के सभी हिन्दू घरों में भगवा पताका लगा सकते हैं । संभव हो तो उस दिन प्राण प्रतिष्ठा तक उपवास रखें । यदि संभव हो तो भंडारे का आयोजन भी कर सकते हैं सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिये दीपक जलायें , दीपमालिका सजायें, दीपोत्सव मनायें । मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक गांव गांव ढाणी ढाणी गली मोहल्ले में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जानकारी दी जाएगी।इस मौके पर दो ला राम सिरवी धनाराम सिरवी सोहन सिंह भोपाजी इंदर सिंह सुरेंद्र सिंह कूका राम शहीद कई गांव के लोग मौजूद थेशहीद कई गांव के लोग मौजूद थे

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में कराया बाजार बंद



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**
करणी सेना द्वारा श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी जी की बेरहमी से की गई हत्या के विरोध में क्षत्रिय समाज के द्वारा दिनांक 7 दिसंबर को लगभग 10 बजे से गोहद चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल रैली का आयोजन किया गयाअखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेडी की घर में घुसकर बेरहमी से की गई हत्या से पूरे हिंदुस्तान के क्षत्रिय समाज में भयंकर आक्रोश व्याप्त हैसुखदेव सिंह गोगामेडी को न्याय दिलाने के लिए क्षत्रिय समाज के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर रैली एवं धरना प्रदर्शन किया जाना था इससे पूर्व ही हमारी मांगों को स्वीकार कर लिया गया है इसीलिए रैली निकालकर विनम्र भाव से सभी लोगों से बाजार बंद करने का आह्वान करते हुए गोहद चौराहा से मुख्य मार्ग होते हुए गोलंबर तिराहा गंज बाजार सदर बाजार इटायली गेट नया बस स्टैंड होते हुए पुन- गोलंबर पहुंचे जहां रैली का समापन किया गया वही गोलंबर तिराहा पर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के क्षेत्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया इस दौरान लगभग एक सैकड़ा से अधिक करणी सेना के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल थे

# प्रदर्शनी की वजह से मुख्य मार्ग पर बनती हैं जाम की स्थिति, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान





**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले में इन दिनों शादी का सीज़न चल रहा है। अधिकांश विवाह घर कलेक्ट्रेट रोड़ पर हैं और वर्तमान में प्रदर्शनी भी लगाई गई है जिसके चलते रोड़ पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और लोगों को परेशान होना पड़ रहा है पार्किंग को प्रदर्शनी संचालक ने कोई ध्यान नहीं दिया एवं सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है पिछली बार वाहन चोरी के मामले भी सामने आए थे संचालक द्वारा मनमानी की जा रही लगता है प्रशासन की मूक सहमति बनी हुई हैं प्रशासन को उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि राहगीरों को कोई परेशानी न हो अब देखते हैं कि ख़बर दिखाए जाने के बाद कोई कार्यवाही होती या फिर नहीं

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या पर टीकमगढ़ क्षत्रिय खंगार समाज ने शोक

**जाहिर किया, एवं मोन धारण कर श्रद्धांजलि दी और सरकार से दोषियों के खिलाफ फांसी की मांग की**



टीकमगढ़ स्थित महाराजा खेत सिंह की मूर्ति के समक्ष क्षत्रिय खंगार समाज के लोगों ने बताया की दादा सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी क्षत्रिय समाज नहीं अपितु सर्व समाज के हितेषी थे उन्होंने गौ रक्षा आंदोलन किए,एवं देश विरोधी ताकतों को खत्म करने का कार्य करते थे उनकी निर्मम हत्या क्षत्रिय समाज के लिऐ बहुत बड़ी क्षती है खंगार क्षत्रिय समाज ने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा की मांग की ,

# इस विधानसभा चुनाव में मै नहीं पार्टी का हर एक कार्यकर्ता विधायक बना है देशाई

**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**
गोहद। चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद की कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में नव निर्वाचित विधायक केशव देसाई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं विधायक नहीं कार्यकर्ता के रूप में सदैव आपके साथ कार्य करूंगा। विधायक गोहद की जनता और कांग्रेस का कार्यकर्ता बना है। आपके सम्मान में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सरकार न बनने और नेता प्रतिपक्ष की हार का दुख है। लेकिन विधायक निधि के माध्यम से जितना गोहद का विकास कर सकता हूं। उसमें कोई कसर नहीं छोडूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मुस्तैदी से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गोहद की समस्याओं के निदान के लिए गोहद कांग्रेस कार्यालय पर मौजूद रहकर समस्याओं के निराकरण का प्रयास करूंगा।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने बताया कि नगर में धन्यवाद रैली का आयोजन होगा। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद



# जयपुर में राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में सर्व समाज ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



आलोट श्री राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में जयपुर में मंगलवार को दोपहर में हमलावरों ने घर में घुसकर गोलियों से छाने कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई इस घटना के विरोध में पूरे देश में राजपूत समाज में आक्रोश भर दिया जिसके चलते बुधवार को आलोट में करणी सेवा सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम सेना एवं सर्व समाज के द्वारा इस घटना के विरोध में ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में बताया गया कि अगर शीघ्र ही हथियारों को गिरफ्तार नहीं किया गया और उन्हें मृत्यु दंड नहीं दिया गया तो सर्व समाज सड़कों पर उतने को मजबूर हो जाएगा और इसके समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी इसके पूर्व सर्व समाज के द्वारा कारगिल चौराहे से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे जहां पर राष्ट्रपति के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन दिए गए जिसमें हथियारों को जल्द से जल्द सजा देने की मांग की गई है ठीक है इस दौरान करणी सेवा के तहसील अध्यक्ष दादू सिंह जमुनिया शंकर ब्राह्मण समाज के दिनेश त्रिवेदी पवन शर्मा परशुराम सेवा के प्रदेश अध्यक्ष देव जी शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश पाठक,भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह डोडिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रमसिंह आंजना,नंदनराज जैन सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नाली निर्माण एजेंसी की मनमानी बिना किसी नियम व समझौते के मऊगंज शहर के बीचो-बीच नाली निर्माण किया जा रहा है

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह**
जिसमें ठेकेदार की मनमानी व भ्रष्ट व्यवस्था से जगह-जगह जल आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ रही है जलप्रदाय करने वाली एजेंसी केएनके कंपनी से बिना किसी शर्त के पूर्व से पानी सप्लाई युक्त पाइप को तोड़कर ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है जगह-जगह सड़कों में पानी भरा है और पाइप टूटने से घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिससे जल उपभोक्ता परेशान हो रहे है वहीं जगह-जगह पाइप टूटने से सड़कों में पानी भरा हुआ है लगातार नाली निर्माण एजेंसी द्वारा मनमानी तरीके से नाली का निर्माण किया जा रहा है जिला मऊगंज में भ्रष्टा व्यवस्था से निर्माण कार्य किया जा रहा हैं हो रहे नाली निर्माण में इंजीनियर साइड से लापता है वही गुणवत्ता विहीन व अमानक तरीके से निर्माण किया जा रहा है



**31 वर्षीय गो पर्यावरण एंव अध्यात्म चेतना पदयात्रा**

# सुरेश गोपाल महाराज का देशी गोमाता को लेकर प्रवचन

देशी गौ माता सम्पूर्ण जगत की माता है अगर आपने गौ माता से जूडे फायदै जान लिये तो शायद इस गोधन का नाम मुख से उतरनै का नाम नही लैगा शरीर की जटिल से जटिल बिमारी केंसर तक को दुर करने की ताकत गोमाता के दुध,गोमुत्र ओर दुध से बनी वस्तुओ मे विध्यमान है बस उन्है सामने लाने की जरुरत है ये बाते प्रवचन के दौरान 31 वर्षीय सम्पूर्ण भारत देश मे चल रही गो पर्यावरण व आध्यात्म चेतना पदयात्रा लेकर नगर प्रस्थान पर आये सुरेश गोपाल महाराज द्वारा कही गयी देशी गोमाता व उसके दुध, दही,गौमुत्र व अन्य से जुडे ऐसे नुस्खे बताये जिससे बडी से बडी बिमारी को मात देने की ताकत है..बताया की एक लिटर दैशी गौ माता के दुध मे 35 रु तक का सोना होता है संनातन मे गो माता को बहुत बडा दर्जा है इसके दुध से बनी वस्तुओ व अन्य से आज से 5000 हजार वर्ष



पुर्व वाघभट्ट ने नुस्खे ओर दवाईया जो आज भी जटिल बिमारीयो को दुर करने की ताकत रखती है,, कथा मे महाराज ने बताया की भैस ओर गाय को 1 किलो मिटर ले जाकर छोड दो भैस घर नही आ पायेगी पर गाय आ जायेगी गाय के बछडे को जन्म पर गौना उसके बाद केडा फिर बैल कहतै है लेकिन भेस का बच्चा पाडा का पाडा ही रहता है ..उन्होने देशी गाय पालने ओर बैल से खेती करने पर जोर दिया साथ ही संनातनीयो को 4 बच्चे पैदा करने चाहियै ये बात भी प्रवचन के दोरान कही। यात्रा के बारे मे पुछे जाने पर महाराज ने बताया की ये यात्रा 4 दिसम्बर 2012 पंचमी कृष्ण पक्ष कार्तीक विक्रम संवत 2069 को हल्दिघाटी से प्रांरभ होकर 3 दिसम्बर 2043 द्रितिया शुक्ल पक्ष मार्गशीर्ष विक्रम संवत 2100 तक सम्पूर्ण भारत की यात्रा कर समापन होगा,यात्रा के दोरान नगर मे अल्प समय प्रवचन मे गोमाता की महिमा का बखान कीया जाता है रणायरा मे ब्राह्मण धर्मशाला मे प्रवचन हुआ। महाराज नगर से ना दान दक्षिणा कुछ नही लेते यहाँ तक अपने ठहरने के लिये उनके साथ उनके गाडी मे पर्याप्त व्यवस्था है खाना भी खूद उनके साथ बनाकर खाया जाता है।

# भाजपा प्रत्याशी ने हार के लिए भितरघातियों को ठहराया जिम्मेदार: राकेश गिरी गोस्वामी बोले- पार्टी के साथ विश्वास घात करने वालों को सबक सिखाया जाएगा

जिले की टीकमगढ़ विधानसभा सीट से चुनाव हारे भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने अपनी हार के लिए भितरघातियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कुछ पदाधिकारियों ने पार्टी से गद्दारी करते हुए मुझे चुनाव हराया है। ऐसे सभी लोगों की जानकारी मुख्यमंत्री सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी है।दरअसल, राकेश गिरी गोस्वामी साल 2018 में कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह बुंदेला से 4200 वोट से चुनाव जीते थे। इस बार फिर सीधा मुकाबला राकेश गिरी और यादवेंद्र सिंह बुंदेला के बीच था, लेकिन टिकट वितरण से नाराज भाजपा के पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने पार्टी के खिलाफ बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा। उन्हें चुनाव में 8672 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी 9118 वोट से चुनाव हारे।भाजपा की हार के लिए पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव की बगावत को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसके अलावा प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी के साथ पार्टी के कई पदाधिकारी जनसंपर्क में नजर नहीं आए। इन सब कारणों के चलते राकेश गिरी ने अपनी हार के लिए पार्टी के ही कुछ नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने चुनाव में भितरघात किया है। ऐसे सभी लोगों की सूची तैयार कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित संगठन के वरिष्ठ लोगों को सौंपी गई है। जल्द ही ऐसे लोगों के खिलाफ संगठन की ओर से कार्रवाई की जाएगी।पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी के साथ विश्वास घात किया है, उन्हें सबक सिखाया जाएगा। आज जिन लोगों ने चुनाव में मेरे खिलाफ प्रचार कर भाजपा को हराने का काम किया है, कल उनकी भी बारी आएगी। समय आने पर ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा।

संपादकीय

## हिंसा की कुंठा में डूबे किशोर

राजधानी दिल्ली में मंगलवार की रात हुई एक हत्या को आम आपराधिक घटनाओं की तरह ही दर्ज किया जाएगा। मगर इस वाकये में हत्या की जो वजह और प्रकृति सामने आई है, उसने सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि समाज में कैसी विकृतियां हमारे आसपास पल रही हैं और कब, कहां कोई अप्रत्याशित घटना हो जाए, कहा नहीं जा सकता। खबरों के मुताबिक, महज सोलह वर्ष के एक किशोर ने रास्ते से गुजर रहे सत्रह वर्ष के एक अन्य लड़के को रोका, उससे पैसे मांगे और मना करने पर गला दबा कर उसे बेहोश कर दिया। मगर इसके बाद जो हुआ, वह न सिर्फ किसी को भी दहला देने वाला था, बल्कि ऐसे दृश्यों पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। उन्माद से भरा किशोर बेहोश हो चुके लड़के पर न सिर्फ अंधाधुंध चाकू से वार करने लगा, उसके शरीर को सड़क पर घसीटा, गला रेत दिया, बल्कि शव पर नाचने लगा। एक व्यक्ति ने लड़के को बचाने की कोशिश की, तो किशोर ने चाकू दिखा और धमका कर उसे भगा दिया। यह पूरी वारदात चूंकि सीसीटीवी की पकड़ में आ गई, आसपास के कई लोगों ने इसे देखा भी, तो ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि खासकर कोमल मन–मस्तिष्क वाले बच्चों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। कानूनी तौर पर इसे हत्या की एक जघन्य घटना माना जाएगा और इसी मुताबिक आरोपी के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया चलेगी। मगर इसकी प्रकृति इतनी भयावह है कि न केवल दूसरे लोगों ने, बल्कि खुद आरोपी की मां ने भी उसके खिलाफ वयस्क अपराधियों की तरह कानूनी प्रक्रिया चलाने की मांग की। यह समझना मुश्किल है कि इतनी कम उम्र में उस किशोर का दिमाग इस हद तक विकृत कैसे हो गया कि उसने राह चलते एक अनजान लड़के की हत्या कर दी और अपने भीतर मौजूद हिंसा की कुंठा का प्रदर्शन किया। जैसी खबरें आई हैं, उनके अनुसार हत्या करने वाले किशोर ने नौवीं कक्षा में बीच में ही स्कूली पढ़ाई छोड़ दी थी और शराब का आदी हो गया था। उसके माता–पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। जाहिर है, वह बुरी संगति में अवांछित आदतों का शिकार हो गया और पारिवारिक अवस्था की वजह से उसे रोकने या सही राह देने की स्थितियां नहीं बनीं। इस बीच कब उसके भीतर मनोवैज्ञानिक विकृतियां पैदा हुई और गहरे बैठ गई, उसका पता किसी को नहीं चला। ऐसा लगता है कि हिंसा की कुंठा में डूबे किशोर के भीतर से परिवार, समाज और शासन, सभी स्तर का डर निकल गया था। इसलिए इसे जघन्य अपराधों की आम घटनाओं से अलग करके देखे जाने की जरूरत है, जिसमें मनोविज्ञान का पहलू बेहद अहम है। इस घटना के बारे में विशेषज्ञों की भी यही राय है कि आचरण संबंधी, मादक पदार्थों की लत से उपजे विकार या मनोविकृति जैसी समस्याओं से घिरे होने की वजह से आरोपी ने ऐसा किया होगा। यों ऐसी स्थितियों की भी जड़ें होती हैं कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की मानसिक विकृतियों का शिकार होता है तो उसकी कोई वजह होगी। कारण चाहे जो हो, वह अध्ययन का विषय हो सकता है। मगर यह घटना दर्शाती है कि एक ओर हमारे आसपास अब असुरक्षा का वातावरण ज्यादा चिंताजनक साबित होने लगा है, वहीं घर–परिवार में बच्चों की छोटी–मोटी गलतियों को लेकर उदासीनता या उपेक्षा के बजाय उनके व्यवहार पर नजर और देखरेख के साथ उनमें विकसित होती आदतों को लेकर समय रहते सचेत होने की जरूरत है।




मेष :– मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

वृषभ :– विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी–व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

मिथुन :– आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ–साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्क :– शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद–विवाद से दूर रहें।

सिंह :– आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्या :– नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला :– लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिक :– आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रू बौद्धिक, तार्किक, विचार–विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा।

मकर :– आज से आपके व्यापार–धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन–देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख– शांति का माहौल रहेगा।

कुंभ :– आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट–दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीन :– शारीरिक– मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद–विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले राजनेताओं ने अपनी साख गंवाई

–ललित गर्ग

> “ यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। ”

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी 'पनौती' (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य–पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार–तार कर दिया है। विडम्बना देखिये कि मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए 'पनौती', जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मर्यादाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। 'जेबकतरे' शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है? राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान–विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने–माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में –औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है 'एक ढीला बुना हुआ कपड़ा' या 'मूर्ख'। बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। सोनिया ने कहा था, "मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।श्श 'मौत का सौदागर' के बाद 'जहर की



खेती' के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिलीं। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार–बार करती रही है और बार–बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मर्यादाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कभी पूर्व कैबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को 'नीच' तक कह देते हैं तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर 'खून की दलाली' जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, ओछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दर्शाती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं। राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा गया था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमर्यादा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र–नारायणों में रहता है।' आज यदि उनके भक्तों–कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है। तभी उनमें अच्छाई–बुराई न दिखाई देकर केवल सत्तालोलुपता दिखती है। ये तथाकथित नेता गाली ही नहीं देते रहे, बल्कि गोली तक की भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। लेकिन कोई गाली या गोली मोदी का बाल भी बांका नहीं कर सकेंगी क्योंकि वे जनसमर्थन से इन ऊंचाइयों को पाया है। मोदी को तो बोटी–बोटी काट देने की धमकी खुलेआम दी गयी। किसी ने मोदी को रैबिज से पीड़ित बताया तो किसी ने उन्हें केवल चूहे मात्र माना। चायवाले से तो वे चर्चित हैं। लेकिन मोदी के व्यक्तित्व की ऊंचाई एवं गहराई है कि उन्होंने अपने विरोध को सदैव विनोद माना। मोदी को बार–बार कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है। चुनाव का समय हो या सामान्य कार्य के दिवस मोदी ने कम गालियां नहीं खाई। उनके विचारों को, कार्यक्रमों को, देश के लिये कुछ नया करने के संकल्प को बार–बार मारा जा रहा है। लेकिन मोदी भारत की आजादी के बाद बनी सरकारों के अकेले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। क्योंकि मोदी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा है, राष्ट्र–निर्माण है। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य है। वे सम्पूर्ण भारतीयता की अमर धरोहर हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन, कालेधन पर शिकंजा कसने, वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने, नया भारत निर्मित करने, स्वच्छता अभियान, दुनिया की सशक्त तीसरी आर्थिक ताकत बनाने, दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर रखा है। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना है। चुनावी बिसात बिछते ही या फिर वर्तमान राजनीति में जिस प्रकार से भाषा की मर्यादाएं टूट रही हैं और हमारे राजनेताओं का जो आचरण सामने आ रहा है, उसे कहीं से भी हमारे लोकतंत्र, राजनीति, सभ्य समाज या हमारी युवा पीढ़ी के लिए आदर्श स्थिति नहीं कहा जा सकता।

# विश्व की सुंदरतम नगरी बनने और वैश्विक पटन पर छाने के लिए तैयार है अयोध्या

**मृत्युंजय दीक्षित**

500 वर्षों के अथक संघर्ष के पश्चात नौ नवंबर 2020 को माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा अयोध्या पर राम मंदिर के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय देने के बाद, श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला के भव्यदृदिव्य मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पूर्णता की दिशा में अग्रसर है। मंदिर के भूतल का लगभग 95 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना भी सुनिश्चित हो गया है। कुछ वर्ष पूर्व तक जो अयोध्या नगरी हिन्दुओं के संघर्ष की धरती थी जो आगामी 22 जनवरी 2024 को सर्व संतोषकारिणी नगरी बनने जा रही है। लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम लला अपने जन्मभूमि आवास में पधार रहे हैं और प्रत्येक सनातनी यह सोचकर हर्षित और प्रफुल्लित हो रहा है कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान हो जाने के बाद उनके सभी दुखों व चिंता का निवारण हो जाएगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत में आनंद की बयार बह रही है और हो भी क्यों न हम सबके श्रीराम अपने घर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अयोध्या को अखिल विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक समय था जब रामभक्त अयोध्या दर्शन करने जाते अवश्य थे किंतु हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शनों तक सीमित रह जाते थे और बहुत कम श्रद्धालु श्री रामजन्मभूमि के दर्शन करने के लिए जाते थे क्योंकि तम्बू में बैठे भगवान तक पहुंचना सरल नहीं था किन्तु उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद परिवर्तन आया और 22 जनवरी 2024 के बाद परिस्थितियां पूरी तरह से बदलने जा रही हैं क्योंकि अब रामभक्तों व श्रद्धालुओं की प्रतीक्षा पूर्ण और धैर्य समाप्त हो रहा है। भव्य श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन के पश्चात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने वाली है, अयोध्या में उनके भव्य स्वागत, रहने–ठहरने व दिव्य दर्शन सुलभ करने के लिए व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। अयोध्या व उसके आसपास के समस्त क्षेत्र को इस प्रकार से निर्मित किया जा रहा है कि श्रद्धालुओं को त्रेतायुग के समय का आभास हो और उस परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ जब से प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं तभी से जुटे हैं। विगत कई वर्षों से अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयेजन किया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उसी प्रकार पुष्पक विमान से उतरते हैं जिस प्रकार वह त्रेता युग में उतरे थे। अयोध्या त्रेतायुग में जिस प्रकार प्रफृल्ल्ति व हर्षित हुई थी आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या व उसके आसपास के वातावरण को उसी प्रकार राममय करने की अभूतपूर्व तैयारी चल रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने के लिए हर संभव व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी के बाद देश व विदेशों से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं इस बात को ध्यान में रखते हुए और अयोध्या को विश्व स्तर की धार्मिक नगरी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 3 हजार करोड़ रुपए लागत की विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आगामी दिसंबर माह में उड़ानें भी प्रारंभ हो जायेंगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से अयोध्या के बीच चली है और करीब आधा दर्जन अन्य रेल गाड़ियाँ अयोध्या से होकर जाने लगी हैं। अयोध्या से रामेश्वरम तक सीधी रेलगाड़ी



चलाई गई है। अयोध्या का बदलाव दिखाने के लिए रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अयोध्या को जोड़ने वाले सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, अंबेडकरनगर और रायबरेली हाईवे पर बड़े द्वारों का निर्माण कर रहा है। अयोध्या व आसपास के जिलों व कस्बों में भारी संख्या में होटलों आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं– अयोध्या में बाहर आने वाले तीर्थयात्री केवल अयोध्या मंदिर दर्शन तक ही सीमित न रह जाएं इसलिए तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। पंचकोसी, चौदह कोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। सरयू नदी में विहार के साथ मंदिरों के दर्शन के लिए क्रूज सेवा और रोमांचक वाटर स्पोर्टस सेवा भी प्रारंभ हो गई है। साथ ही अभी कई और योजनाएं प्रारंभ होने वाली हैं। भविष्य की दृष्टि से अयोध्या का दिव्य एवं नव्य विकास करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्पवान हैं। मुख्यमंत्री का दायित्व सँभालने के साथ से ही वे अयोध्या पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और प्रायः अयोध्या आकर सांधु–संतों का आशीर्वाद के लेने के साथ ही साथ विकास हेतु उनका परामर्श भी लेते हैं। 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी जी अपने प्रथम कार्यकाल में 46 बार अयोध्या पहुंचे और इस कार्यकाल में भी उनका आगमन निरंतर हो रहा है। वो अयोध्या सम्बन्धी प्रत्येक कार्य पर स्वयं दृ ष्टि रखते हैं। योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या में हर वर्ष दीपोत्सव का आयोजन होने से अयोध्या को एक नयी पहचान मिली है। हर वर्ष दीपों की संख्या गिनीज़ बुक में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस बार भी अयोध्या में अयोजित भव्य दीपोत्सव ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है और अयोध्या की अनुपम छटा बिखर रही है। अयोध्या में विकास की गति को और तीव्र करने के लिए नौ नवंबर 2023 को अयोध्या में रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसने एक नया इतिहास रचा। कैबिनेट बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश सरकार के सभी मंत्री रामलला के दरबार पहुंचे और उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कैबिनेट ने हनुमानगढ़ी में भी हनुमान जी के दर्शन किये और पूजा की। हनुमानगढ़ी में महंत धर्मदास, महंत संतरामदस आदि ने सभी अभिनंदन किया और उसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अप सभी के आशीर्वाद से अयोध्या विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनेगी।

अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन

अयोध्या में आयोजित बैठक में अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद व देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन को स्वीकृति दी गयी। अयोध्या कैबिनेट में शुक तीर्थक्षेत्र विकास परिषद के गठन का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य है कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए पहले से ही केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से 30,500 करोड़ रुपये की कुल 178 परियोजनाएँ चल रही हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ही परंपरा और संस्कृति के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक नीतियां अब तीर्थ परिषद ही बनायेगा। बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन के भी समग्र विकास के लिए देवी पाटन धाम तीर्थ विकास परिषद व मुजफ्फरनगर के शुक तीर्थ धाम के विकास के लिए शुक तीर्थ धाम विकास परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। सभी विकास परिषद अपने–अपने क्षेत्रों में किसी भी परियोजना व विकास के प्रस्ताव में परामर्श व मार्गदर्शन करेंगे। बलरामपुर जनपद की अयोध्या से दूरी सड़क मार्ग से मात्र 90 किलोमीटर है यहाँ स्थित माँ पाटेश्वरी धाम एक महत्वपूर्ण तीर्थ है जहां नेपाल के श्रद्धालु भी आते हैं।

भारत मंदिर संग्रहालय बनाने का निर्णय

योगी सरकार ने अयोध्या की तहसील सदर के ग्राम माझा जमधरा की नजूल की 25 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को उपलब्ध करते हुए यहां भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय का निर्माण कराने का निर्णय लिया है जिससे अयोध्या दर्शन के लिए आने वाले लोग भारत के वास्तु के बारे में भी जान सकेंगे।

अलग–अलग कालखंड में किस–किस प्रकार के मंदिर बने, उन मंदिरों के इतिहास को इस संग्रहालय के माध्यम से सामने रखा जा सके इसके लिए प्रस्ताव पारित किया गया है।

## 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित किया जाएगा 2024 कोपा अमेरिका

**वाशिंगटन।** 2024 कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसमें 25 दिनों में 32 मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (कॉनमबोल) ने उक्त जानकारी दी। उद्घाटन मैच अटलांटा, जॉर्जिया के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला जाएगा और फाइनल 14 जुलाई को मियामी गार्डन, फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। सेमीफाइनल न्यू जर्सी और चार्लोट में होंगे जबकि क्वार्टर फाइनल आर्लिंगटन, ह्यूस्टन, लास वेगास और ग्लेनडेल के लिए निर्धारित किए गए हैं। अन्य मेजबान शहर ऑरलैंडो, सांता क्लारा, इंगलवुड, कैनसस सिटी, मिसौरी और कैनसस सिटी हैं। 107 साल पुराने टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से 10 टीमें कॉनमबोल से और छह उत्तरी और मध्य अमेरिका और कैरेबियन से। बता दें कि यह केवल दूसरी बार है जब कोपा अमेरिका का आयोजन दक्षिण अमेरिका के बाहर आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट का ड्रा 7 दिसंबर को मियामी में निकाला जाएगा।



## भारतीय क्रिकेटर अश्विन भी चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' से प्रभावित, बोले- पता नहीं क्या विकल्प बचा है

**चेन्नई।** भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के कारण चेन्नई के लोगों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अपने इलाके में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल है। तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में में 'मिगजॉम' तूफान ने तबाही मचाई हुई है। चेन्नई में बारिश रूक गई लेकिन जगह जगह काफी पानी जमा है, बिजली कटी हुई है और मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहा। अश्विन ने 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे इलाके में भी 30 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं है। यही हालत अधिकांश इलाकों की है। पता नहीं क्या विकल्प बचा है।' चेन्नई के रहने वाले अश्विन लगातार शहर की तस्वीरें और वीडियो क्लिप पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को क्षतिग्रस्त सड़क की वीडियो डालकर लिखा था, 'एक दिन और धैर्य रखिए अगर बारिश रूक जाती है। रिकवरी में समय लगेगा। हैशटैग चेन्नई रेंस 2023।' तमिलनाडु में बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं।



## दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर, यह 6 टीमें सीधे क्वार्टरफाइनल में गईं

**अहमदाबाद।** दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसकी टीम यहां ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में उत्तराखंड से 51 रन से हारने के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गई। दिल्ली की यह 7 मैच में चौथी हार थी, जिससे वह ग्रुप सी में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर रहा। हरियाणा ने अपने सभी मैच जीते और वह 28 अंक लेकर सभी भागीदार टीमों में शीर्ष पर रहा। जिन टीमों ने क्वार्टर फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई किया उनमें हरियाणा (28 अंक), राजस्थान (24), कर्नाटक (24), विदर्भ (20), मुंबई (20) और तमिलनाडु (20) शामिल हैं। प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली 4 टीमें बंगाल (20), गुजरात (20), केरल (20) और महाराष्ट्र (20) हैं। दिल्ली के बल्लेबाजों ने फिर से निराशाजनक प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष त्यागी के तीन-तीन विकेट की मदद से दिल्ली ने उत्तराखंड को 45.5 ओवर में 221 रन पर आउट कर दिया था, लेकिन उसके बल्लेबाज नहीं चले और उसकी पूरी टीम 46.2 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। आयुष बडोनी (97 गेंद पर 87 रन) के अलावा दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज नहीं चल पाया। पिछले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हिम्मत सिंह का बल्ला भी इस मैच में नहीं चला। कप्तान यश ढुल ने जिन छह मैच में बल्लेबाजी की उनमें वह एक भी अर्धशतक नहीं जमा पाए।

## भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए बेंगलुरु से रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रात बेंगलुरु से रवाना हुई। रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जयसवाल, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, मोहम्मद सिराज सहित अन्य लोग दौरे के लिए केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बेंगलुरु से रवाना हुए। दक्षिण अफ्रीका का सभी प्रारूपों का दौरा 10 दिसंबर से तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा जो 14 दिसंबर तक चलेगा। 17 दिसंबर से, सफेद गेंद श्रृंखला का एकदिवसीय चरण शुरू होगा जो 21 सितंबर को समाप्त होगा।

कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ी सफेद गेंद श्रृंखला में नहीं खेलेंगे।। सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि केएल राहुल वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रजत पाटीदार जैसे युवाओं को वनडे टीम के लिए कॉल-अप मिला है। सीनियर खिलाड़ी दो



मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वापसी करेंगे, पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में और दूसरा टेस्ट अगले साल 3 जनवरी से केपटाउन में होगा। श्रृंखला का यह रेड-बॉल चरण भारतीय प्रशंसकों के लिए सबसे प्रतीक्षित होगा क्योंकि उन्हें अभी तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीत दर्ज नहीं करनी है।

**टेस्ट के लिए भारत की टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, मो. शमी, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा।

तीन टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम: यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मो. सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

**तीन वनडे के लिए भारतीय टीम:** रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

## हरियाणा स्टीलर्स की चुनौती के लिए तैयार हैं यूपी योद्धा

**अहमदाबाद।** जीएमआर समूह के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के अपने अगले मैच में हरियाणा स्टीलर्स का सामना करने के लिए तैयार हैं, यह मुकाबला यहां द एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया में खेला जाएगा। योद्धा, जिन्हें सीज़न के अपने शुरूआती मैच में यू मुंबा के खिलाफ केवल तीन अंकों से हार का सामना करना पड़ा था, वर्तमान में लीग स्टैंडिंग में एक अंक के साथ सातवें स्थान पर हैं।

सांख्यिकीय रूप से, यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में आठ बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं, जहां दोनों टीमों ने तीन-तीन जीत हासिल की हैं और अन्य दो मैच बराबरी पर रहे हैं। यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, 'हम सीज़न के अपने शुरुआती मैच में यू मुंबा से बहुत कम अंतर से हार गए थे। हम हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ वापसी को लेकर बहुत आश्वस्त हैं क्योंकि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम उस मैच की गलतियाँ न दोहराएँ। हमारी टीम में अच्छा माहौल है और हम सभी एक-दूसरे के साथ जितना हो सके उतना समय बिता रहे हैं और यह सौहार्द मैट पर दिखाई देगा।'

अनुभवी रेडर सुरेंद्र गिल और अनिल कुमार, जिन्होंने पिछले मैच में यूपी योद्धा के लिए पदार्पण किया था, ने बड़ी संख्या में रेड अंक हासिल किए और लीग में अपनी अच्छी शुरुआत जारी रखने की कोशिश करेंगे। कप्तान प्रदीप नरवाल जो अपनी वास्तविक फॉर्म की तलाश में हैं, मैच में अपनी किस्मत पलटने की कोशिश करेंगे। ऑलराउंडर नितिन पंवार और विजय मलिक पर रेडिंग और डिफेंस विभाग में संतुलन बनाए रखने की जिम्मेदारी होगी। हरियाणा के रेडरों को नितेश कुमार सुमित और आशु सिंह की मजबूत रक्षात्मक जोड़ी के खिलाफ अपना काम करना होगा, जिन्होंने रेडरों के लिए अंक जुटाना कठिन बना दिया है। हरियाणा स्टीलर्स सीजन में पहली बार मैट पर उतरेंगे और उत्तर भारत की दो टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है।

## मुझे सुरजीत के खिलाफ खेलने में बहुत मजा आता है: मनिंदर सिंह

**अहमदाबाद।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 में बंगाल वॉरियर्स ने रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स को 32-30 से हराकर शानदार शुरुआत की है। ट्रांसस्टेडिया द्वारा ईकेए एरिना में। मैच में वॉरियर्स के कप्तान मनिंदर सिंह 11 अंकों के साथ गेम के स्टार रहे।

मैच के बारे में मनिंदर ने कहा, 'हमारी रक्षा इकाई ने बहुत अच्छा खेला। हमारी तरफ कुछ नए खिलाड़ी थे और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, भले ही यह हमारा पहला मैच था। हम जीत से सचमुच खुश हैं। मैं अपने प्रदर्शन से भी काफी खुश था। मनिंदर ने अनुभवी सुरजीत सिंह के खिलाफ जाने के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा, वह वास्तव में एक अच्छे खिलाड़ी है। वह मेरे कप्तान भी रहे हैं. मुझे उनके खिलाफ खेलने में बहुत मजा आता है। इस बीच, दिन के दूसरे मैच में पुनेरी पलटन ने पीकेएल सीजन 9 चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स को 37-33 से हराया। पुनेरी पलटन के कप्तान असलम मुस्तफा इनामदार खेल में 10 अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरे। जब उनसे उनके प्रदर्शन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हमने जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ एक इकाई के रूप में अच्छा खेला। मैट पर सभी खिलाड़ियों ने मेरा साथ दिया और इसी कारण मैं अच्छा प्रदर्शन कर सका। हम मैट पर अच्छी तरह घुलमिल गए। इस मैच के बाद हमारा आत्मविश्वास ऊंचा है।' पहले हाफ की समाप्ति पर जयपुर पिंक पैंथर्स 18-14 से आगे थी। दूसरे हाफ में पुनेरी पलटन ने अपने खेल को कैसे बेहतर बनाया, इस बारे में कप्तान ने कहा, 'हमने पहले हाफ में कुछ गलतियाँ कीं और हमने देखा कि पैंथर्स बहुत सारे बोनस अंक ले रहे थे। इसलिए, हमने दूसरे हाफ में अपनी रणनीति बदली और उन्हें बोनस अंक लेने से रोकने का प्रयास किया। वह रणनीति हमारे लिए बहुत अच्छी रही।'



## घरेलू मैदान पर ओडिशा एफसी के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी मोहन बागान की टीम

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में आज रात कोलकाता स्थित अपने घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में ओडिशा एफसी की मेजबानी करेगी।

मैरिनर्स ने इस सीजन में लगातार पांच जीत करके आईएसएल इतिहास में अब तक की अपनी सबसे अच्छी शुरुआत (पांच मैचों के बाद) दर्ज करके इतिहास रचा है। हालांकि, सर्जियो लोबेरा अपने साथ 5-2 की जीत की ताजा सुखद यादें लेकर आएंगे, जब स्पेनिश हेड कोच जुआन फेरांडो के मैरिनर्स को पिछले हफ्ते अपने एएफसी कप मुकाबले में इसी स्थान पर जगरनॉट्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस हार को फेरांडो निश्चित रूप से भुलाना चाहेंगे। यह परिणाम मोहन बागान सुपर जायंट के लिए अब तक के शानदार सीजन में एक बड़ा झटका था। फेरांडो के पास संभावित खिताब जीतने वाली ऐसी मजबूत इकाई है, जिसमें भारत के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। जो चीज उनके मैरिनर्स की बदले की भूख



को शांत कर सकती है, वो है ओडिशा एफसी पर पलटवार करना। जगरनॉट्स एक ऐसी टीम जो निकट भविष्य में कोई गलती करती नहीं दिखाई दे रही है।

आईएसएल विजेताओं, प्रतिभाशाली युवाओं और साथ में लोबेरा की रणनीतिक समझ के दमपर ओडिशा एफसी इस वर्ष धीरे-धीरे ऐसी टीम के तौर पर उभर रही है, जिस पर सभी की निगाहें होंगी। उनके पास अपने दिन विरोधियों को मुश्किल में डालने की जबरदस्त आक्रामक क्षमता हैं। लेकिन जब भी जीत की जरूरत होती है, तो जगरनॉट्स मैदान के दोनों छोर पर चतुराई भरी पैंतरेबाजी के साथ इसका इस्तेमाल करते हैं। उदाहरण के लिए, लोबेरा ने डिएगो मौरिसियो की बजाय रॉय कृष्णा के साथ मैच की शुरुआत की, जो जमशेदपुर एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में खेलने में कामयाब रहे। परिणाम? कृष्णा ने 56वें मिनट में मैच विजयी गोल करके ओडिशा एफसी को तीन अंक दिलाए।

मोहन बागान सुपर जायंट के स्पेनिस हेड कोच जुआन फेरांडो ने ओडिशा एफसी के खिलाफ मैच से पहले अपने खेल दृष्टिकोण में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷बहुत सी चीजों को बदलने की जरूरत नहीं है। मेरे दिमाग में सिस्टम वही है, यह गोल दागना, खाली स्थान ढूंढना इत्यादि। यह निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण मैच है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमें बहुत सी चीजों को बदलने की जरूरत है।'

ओडिशा एफसी के मुख्य कोच सर्जियो लोबेरा ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम पिछले कुछ मैचों में मिले नतीजों से खुश हैं। लेकिन, हमें वर्तमान पर ध्यान देने की जरूरत है। हम अच्छी स्थिति में हैं। टीम बहुत अच्छा काम कर रही है। हम हर दिन बढ़ रहे हैं, कुछ चीजों में सुधार करने के लिए स्पष्ट रूप से तैयार हैं, खासकर हमलों और रक्षण के बीच सटीक संतुलन खोजने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी टीम पिछले मैच में बेहतर थी लेकिन हम एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ खेलने जा रहे हैं। वे लीग जीतने के प्रबल दावेदार हैं क्योंकि उनके पास बहुत मजबूत टीम है। लेकिन हम तैयार हैं।

## जूनियर हॉकी विश्व कप : भारत ने कोरिया को 4-2 से हराया, अरिजीत की हैट्रिक

**कुआलालंपुर।** फारवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल के हैट्रिक की बदौलत भारत ने मंगलवार को बुकित जलील के राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में अपने शुरुआती मैच में एशियाई प्रतिद्वंद्वी कोरिया को 4-2 से हराकर एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए अरिजीत (11फीसदी, 16फीसदी, 41फीसदी) ने तीन और अमनदीप (30फीसदी) ने एक गोल किया। कोरिया के लिए दोह्युन लिम (38फीसदी) और मिंकवोन किम (45फीसदी) ने गोल दागे।

मैच की शांत शुरुआत हुई, दोनों टीमें एक-दूसरे के हाफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन ज्यादा खतरा पैदा नहीं कर सकीं। गेंद पर थोड़े बेहतर कब्जे के साथ, भारत ने पहला वास्तविक हमला किया, लेकिन दाएं फ्लैंक से सुदीप चिरमाको का रिवर्स फ्लिक गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। भारत ने कोरिया के सर्कल के अंदर बढ़त बनाना जारी रखा और 11वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, अरिजीत ने इसे गोल में बदलकर भारत को पहली सफलता दिलाई। भारत ने लय बरकरार रखी और दूसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनट में अरिजीत ने शानदार फील्ड गोल कर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। भारत ने आक्रामक रुख अपनाकर दबाव बनाना जारी रखा, लेकिन कोरियाई डिफेंस ने उन्हें रोके रखा। कोरिया ने 29वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन इसे गोल में बदलने से चूक गए। भारत ने तुरंत जवाब दिया और अमनदीप ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। दूसरे हाफ में कोरिया ने तात्कालिक आक्रमण किया। उन्होंने 38वें मिनट में डोह्युन के पेनल्टी कॉर्नर स्ट्राइक के माध्यम से अपना खाता खोला।

## हॉकी इंडिया अकादमी चैंपियनशिप: राउंडग्लास पंजाब ने अपना विजय अभियान जारी रखा

**नई दिल्ली।** राउंडग्लास पंजाब अकादमी (आरजीपीएचए) ने पहली हॉकी इंडिया सब-जूनियर और जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 (जोन ए) में अपना विजयी क्रम जारी रखा और सब-जूनियर और जूनियर दोनों श्रेणियों में शानदार जीत हासिल की, जो यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेला जा रहा है।

सब-जूनियर टीम ने टूर्नामेंट की अपनी दूसरी जीत के लिए सैल्यूट हॉकी अकादमी के खिलाफ 31 गोल दागे। दो गोलकीपरों को छोड़कर सभी 16 आउटफील्ड खिलाड़ियों ने दबदबे वाली जीत में आरजीएचए के लिए गोल किए। बाद में, जूनियर लड़कों ने राजा करण हॉकी अकादमी को 13-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। सब-जूनियर वर्ग में अमनदीप, सन्नी और दीपकप्रीत सिंह ने चार-चार गोल किए जबकि जसमीत सिंह ने हैट्रिक बनाई। सैमुअल, अर्जनदीप सिंह, चरणजीत सिंह और इंद्रजीत सिंह ने दो-दो गोल किए, जबकि अनुराग सिंह, आकाश, गुरजोत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, दमनप्रीत सिंह, साजन राजभर, वरिंदर सिंह और अर्शदीप सिंह ने आरजीपीएचए के लिए गोल दागा।

उन्होंने पहले क्वार्टर में सात, दूसरे में नौ, तीसरे में छह गोल किए



और अंतिम क्वार्टर में नौ गोल दाग विरोधियों को चारो खाने-चीत कर दिया। जूनियर वर्ग में आरजीपीएचए ने कैप्टन गुरसेवक सिंह की हैट्रिक की मदद से दबदबा कायम रखा। लवनूर सिंह, जोबन सिंह और हिमांशु बंसल ने टीम के लिए दो गोल किए जबकि प्रभजोत सिंह, प्रिंस कुमार, सूरज और करण सिंह ने स्कोरिंग पूरी की। विजेता टीम ने पहले दो क्वार्टर में तीन-तीन गोल किए जबकि तीसरे में एक गोल किया। उन्होंने आखिरी क्वार्टर में छह गोल दागकर प्रभावी अंदाज में समापन किया। आरजीपीएचए जूनियर्स अपने आखिरी पूल बी में गुरुवार, 7 दिसंबर को मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी का सामना करेंगे, जबकि सब-जूनियर अपना अंतिम पूल बी मैच शुक्रवार, 8 दिसंबर को घुम्मनहेरा राइजर अकादमी के खिलाफ खेलेंगे।

## जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: भारत ने 17 पदकों के साथ किया अभियान का समापन

**नई दिल्ली।** अर्मेनिया के येरेवन में 23 नवंबर से चलने वाले 2023 आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने 17 पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत की युवा मुक्केबाज पायल, निशा और आकांशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। पायल ने लड़कियों के 48 किग्रा फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से अर्मेनिया की स्थानीय पसंदीदा पेट्रोसियन हेघिन को हराकर भारत को प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। बाद में, एशियाई युवा चैंपियन निशा और आकांशा उम्मीदों पर खरे उतरीं। निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70



किग्रा) ने क्रमशः ताजिकिस्तान की अब्दुल्लाओएवा फरिनोज़ और रूस की तैमाज़ोवा एलिसैवेटा को 5-0 के समान अंतर से हराया। इस बीच, अंतिम दिन तीन अन्य लड़कियां - विनी (57 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा) और मेघा (80 किग्रा) ने अपने-अपने स्वर्ण पदक मुकाबलों में हार के बाद रजत पदक जीता। लड़कों के वर्ग में, साहिल (75 किग्रा) और हेमंत (80 किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल में 0-5 से हारने के बाद भारतीय तालिका में रजत पदक जोड़े। जतिन (54 किग्रा) ने रोमांचक मुकाबले में 1-4 से हारने से पहले कजाकिस्तान के तुलेबेक नुरासिल के खिलाफ भी कड़ी चुनौती पेश की थी। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का दबदबा रहा क्योंकि 26 सदस्यीय टीम ने तीन स्वर्ण, नौ रजत और पांच कांस्य पदक सहित 17 पदक हासिल किए। कुल मिलाकर, 12 भारतीयों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जो इस संस्करण में किसी भी अन्य देश से अधिक था।

## लीजेंड्स लीग में गरजा ड्वेन स्मिथ का बल्ला, ठोका 42 गेंदों पर शतक

**नई दिल्ली ।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट के पहले क्वालीफायर में बुधवार को अर्बनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ड्वेन स्मिथ ने मनीपाल टाइगर्स के खिलाफ तूफानी शतक ठोक दिया। लय में आए स्मिथ ने 14 चौके और 7 छक्कों की मदद से 53 गेंदों में 120 रन बना दिए। इस शतक की मदद से हैदरबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए। जिसके जबाव में मनीपाल टाइगर्स 178 रन बनाकर ही लुढ़क गई। ड्वेन को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर




ऑफ द मैच चुना गया।

ड्वेन का यह शतक खास था क्योंकि अर्बनराइजर्स ने तीसरी ही ओवर में मार्टिन गुप्टिल का विकेट गंवा दिया था। लेकिन इसके बाद ड्वेन ने आर क्लार्क के साथ मिलकर स्कोर 84 तक पहुंचा दिया। क्लार्क ने 19 गेंदों पर 34 रन बनाए। कप्तान सुरैश रैना के 2 रन पर आऊट होने के बाद गुरकीरत सिंह ने 26 गेंदों पर 39 रन बनाकर ड्वेन का साथ दिया। ड्वेन ने एक छोर संभालते हुए 42 गेंदों पर शतक पूरा किया। वह 19वें ओवर में 120 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद असगर अफगान ने 8 गेंदों पर 2 चौके और दो छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर स्कोर 253 पर ला खड़ा किया।

**इस शतक की मदद से हैदरबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए।**

जवाब में खेलने उतरी मनीपाल टाइगर्स ने पहले दस ओवर्स में ही 90 रन पर अपने पांच विकेट खो दिए थे। हैदराबाद के जेरोम टेलर ने 47 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। अंत में पीटर ट्रेगो ने सिर्फ 9 गेंदों पर 8 रन देकर 3 विकेट लिए और मनीपाल को 178 रन पर रोक दिया। मनीपाल की ओर से एंजेलो परेरा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 30 गेंदों पर सात चौके और पांच छक्कों की मदद से 73 रन बनाए। उनकी विकेट गिरते ही मनीपाल की टीम भी ढेरी हो गई।

# अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** आनंद संस्थान इकाई शिवपुरी एवं एंजिल आनंद क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस बुधवार को शिवपुरी वात्सल्य बाल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम में निवासरत निराश्रित बच्चों के साथ खेल एवं नाश्ते के साथ किया गया।कार्यक्रम में सभी उपस्थित सदस्यों ने डीपीएल कार्यालय में साफ सफाई का योगदान दिया। तदोपरांत आनंद ग्राम रातौर में सरपंच की उपस्थिति में ग्राम वासियों को ग्राम को स्वच्छ रखने की जागरूकता का दो घंटे का सत्र आयोजित किया जिसमें सभी उपस्थित ग्राम वासियों ने सेवा के महत्व को जाना जिसमें प्रेम



प्रकाश सिरोलिया, रिजवाना खान, बीना गोलिया, तनुजा गर्ग ने अपने जीवन के अनुभव के आधार पर सेवा का महत्व बताया जबकि अभय जैन और विजित जैन ने एक संवाद आधारित क्रियाकलाप के माध्यम से जीवन में सेवा की अनिवार्यता एवं आनंद के महत्व पर प्रकाश डाला।स्वल्पाहार के साथ आनंद ग्राम रातौर के सत्र का समापन कर सभी आनंदम केंद्र फिजिकल कॉलेज शिवपुरी पर सेवा देने हेतु उपस्थित हुए। जिसमें सभी सदस्यों ने अनुपयोगी वस्त्रों को अलग किया और उपयोगी वस्तुओं को क्रम में रखने का कार्य किया। अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस पर डीपीएल एवं अभय जैन, मास्टर ट्रेनर प्रेम प्रकाश सिरोलिया, मास्टर ट्रेनर एवं एंजिल क्लब उपाध्यक्ष विजित जैन, आनंदक एवं एंजिल आनंद क्लब सचिव तनुजा गर्ग, आनंदक एवं एंजिल आनंद क्लब प्रतिनिधि ज्ञानज्योति जैन एवं बीना गोलिया एवं मास्टर ट्रेनर एवं एंजिल आनंद क्लब अध्यक्ष रिजवाना खान ने उपस्थित रहकर सेवा कार्य में योगदान दिया।

# सर्किल जेल शिवपुरी में एचआईव्ही एड्स जागरूकता कार्यक्रम, पेम्पेलेट एवं बैनर प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शासन के निर्देशानुसार जिले में 01 से 15 दिसम्बर तक विश्व एड्स दिवस पखवा?ा मनाये जाने के अनुक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी द्वारा गठित चार सदस्यीय दल ने गतदिवस सर्किल जेल शिवपुरी में विश्व एड्स दिवस एवं एचआईव्ही एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं पेम्पेलेट एवं बैनर प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया।उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से ए.आर.टी. काउंसलर नित्य प्रकाश मिश्रा, एस.टी.आई. काउंसलर राजकुमार मारू, एस.एस.के डाटा मेनेजर सोनू जाटव, ओ.आर.डब्ल्यू (सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र) हेमलता



प्रजापति आदि उपस्थित रहे।जेल अधीक्षक रमेशचन्द्र आर्य द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए टीम के सदस्यों का स्वागत किया व अपने उद्बोधन में बंदियों को एड्स से संबंधित बीमारियों से पहले ही बचाव के लिए जागरूक एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में राजकुमार मारू व नित्य प्रकाश मिश्रा द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी में निरुद्ध समस्त 50 पुरुष एवं महिला बंदियों को विश्व एड्स तथा एचआईवी एड्स के संबंध में रोचक एवं सरल भाषा में एचआईवी संक्रमित होने के माध्यम, उनसे बचाव के उपाय तथा एड्स के दुष्परिणाम तथा उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।इस दौरान जेल अधीक्षक रमेशचन्द्र आर्य, उप जेल अधीक्षक दिलीप सिंह, जेल चिकित्सक डॉ.जलज शर्मा, सहायक जेल अधीक्षक शिल्पा छत्तर एवं अन्य जेल स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम के अंत में सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक रमेशचन्द्र आर्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**भाजपा विधायक प्रियंका मीणा का चाचौड़ा नगर में हुआ भव्य स्वागत**

# भाजपा विधायक प्रियंका मीणा का चाचौड़ा नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत





**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

त्रिकोणीय संघर्ष के बाद भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीणा की जीत के बाद आज नगर चाचौड़ा में भव्य स्वागत किया गया चाचौड़ा नगर में जगह-जगह फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ इस अवसर पर झाबुआ आदिवासियों का नृत्य मुख्य आकर्षण रहा भाजपा विधायक प्रियंका मीणा को कहीं लड्डुओं से तो कहीं सोनपापड़ी से आ टोला गया भाजपा की जीत के अवसर पर पूरे चाचौड़ा में खुशी की लहर देखने को मिली इस बार चाचौड़ा विधानसभा में त्रिकोणीय संघर्ष था कांग्रेस से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह थे तो दूसरी ओर आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी भाजपा की पूर्व विधायक ममता मीना थी वहीं भाजपा से प्रियंका मीणा ने यह पहला चुनाव लड़ा था और उन्होंने दोनों ही दिग्गज नेताओं को करारी मार दी भारी मतों से जीत हासिल की चाचौड़ा की जनता ने भाजपा सरकार से प्रियंका मीणा को मंत्री बनाने का आग्रह किया

# पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु कार्यक्रम जारी

**15 दिसम्बर से प्राप्त किए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिए निर्वाचन कार्यक्रम बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार 15 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे से निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन और नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करना, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन होगा।आयोग के अनुसार नाम-निर्देशन पत्र की अंतिम तिथि 22 दिसम्बर को 10:30 से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगी। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 23 दिसम्बर को 10:30 बजे से होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर मंगलवार अपरान्ह 3 बजे तक रहेगी। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतिकों का आवंटन 26 जनवरी बुधवार को अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद होगा। मतदान यदि आवश्यक हो तो 5 जनवरी को प्रातः 7 से अपराह्न बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना (केवल पंच पद के लिए) 5 जनवरी को मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा तथा पंच पद की विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 11 जनवरी 2024 को प्रातः 10.30 बजे से की जाएगी।

# बालकों में ईश्वर का वास होता है- प्रधान जिला न्यायाधीश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में गतदिवस वृद्धाश्रम मंगलम शिवपुरी एवं बाल गृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के पूर्व प्रधान जिला न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी ने वृद्धाश्रम एवं बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवासरत जन को मिलने वाले स्वल्पाहार, भोजन एवं स्वास्थ्य व मनोरंजन संबंधी सुविधाओं के बारे में देखा गया तत्पश्चात श्री सोनी ने कहा कि बालकों में ईश्वर का वास होता है जबकि माता-पिता साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं हमें प्रयास करना चाहिए कि कोई बालक माता-पिता अथवा परिवार के बगैर जीवन यापन करने का मजबूर



न हो और न ऐसी परिस्थिति निर्मित हो जिससे कि वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़े।साथ ही कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले नगरिकों के यदि किसी संवैधानिक या कानूनी अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वे विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि ऐसी सामाजिक संस्थाओं में प्रत्येक व्यक्ति को मिलजुलकर सहायोग करना चाहिए। तत्पश्चात वृद्धाश्रम में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं बाल गृह में रहने बालकों ने अपने अनुभव प्रधान जिला न्यायाधीश के समक्ष साझा किये। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय शिवपुरी से उपस्थित मेडिकल टीम के द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई।इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह, जिला रजिस्ट्रार जितेन्द्र मेहर, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चड़ार, वृद्धश्रम मंगलम के डायरेक्टर अरविंद चौधरी, मैनेजर विवेक काले, स्वास्थ्य टीम से डॉ.प्रवीण वर्मा, डॉ.वैष्णौदेवी चंदौरिया, डॉ.एस.के.पिप्पल, होम्योपैथी से डॉ धर्मेन्द्र दीक्षित बाल गृह से अधीक्षक मनीषा कृष्णानी, बाल कल्याण अधिकारी हिम्मत सिंह रावत, हाउस फादर समीर खान आदि उपस्थित रहे।

# झोला छाप डॉक्टरों की भरमार

स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से मुगावली तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में पहले से ही झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार थी परंतु अब झोला छाप डॉक्टर (फर्जी डॉक्टर) की हिम्मत एवं स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और मिली भगत से मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रही है और झोलाछाप डॉक्टर मरीज के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैंफर्जी डॉक्टरों की हिम्मत यहां तक बढ़ गई है कि पहले दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज करते थे परंतु अब मुख नगर मार्ग स्टेशन रोड सहित सभी जगह



नगर में फर्जी डॉक्टर पाए जा रहे हैं स्टेशन रोड अधिकारियों का निवास एवं आवागमन मुख्य रूप से रहता है परंतु प्रशासन की नाक के नीचे बैठकर यह फर्जी डॉक्टर मरीजों की जान से आए दिन खिलवाड़ कर रहे हैं मरीजों की स्थिति खराब हो जाती है जिसमें इन फर्जी डॉक्टर को सहयोग और संरक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है जिसके कारण फर्जी डॉक्टरों के हौसले बुलंद है।

**इनका कहना है**

मैं नया आया हूं और यह मामला मेरी जानकारी मे नहीं है।

**डॉ.अजय जाटव बीएमओ**
**सिविल हॉस्पिटल मुंगावली**

# एक लंबी सुरंग, आकर्षक नक्काशी, बेनमून वास्तुकला, एक बावड़ी और प्रेम का प्रतीक : रानी की वाव



**नीलेश श्रीमाली मेसरीअन**

जिसकी एक झलक देखते ही हर किसी के मुंह से निकलती है, वाह! गजब! दुनिया के सात अजूबे देखने के बाद भी रानी की वाव को नहीं देखा तो क्या देखा? आपको रुख करवाते हैं एक ऐसी कहानी से जो जानने के लिए आप काफी उत्सुक होंगे। साल 2014 में यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित किया रानी की वाव को। कहानी है भारत के एक ऐसे कुंआ (वाव/बावड़ी) की, जिसके अंदर बनी है 30 किलोमीटर लंबी खुफिया सुरंग, %रानी की बावड़ी% का इतिहास 900 साल से भी ज्यादा पुराना है और यहां भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।गुजरात के पाटण में स्थित इस प्रसिद्ध बावड़ी को रानी की वाव भी कहा जाता है। कहते हैं कि रानी की वाव (बावड़ी) का निर्माण 1063 ईस्वी में सोलंकी राजवंश के राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में उनकी पत्नी रानी उदयामति ने करवाया था। रानी उदयमति जूनागढ़ के चूड़ासमा शासक रा%खेंगार की पुत्री थीं।रानी की वाव 64 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 27 मीटर गहरा है। यह भारत में अपनी तरह का सबसे अनोखा वाव है। इसकी दीवारों और स्तंभों पर बहुत सी कलाकृतियां और मूर्तियों की शानदार नक्काशी की गई है। इनमें से अधिकांश नक्काशियां भगवान राम, वामन, नरसिम्हा, महिषासुरमर्दिनी, कल्कि आदि जैसे अवतारों के विभिन्न रूपों में भगवान विष्णु को समर्पित हैं।सात मंजिला यह वाव मारू-गुर्जर वास्तु शैली का साक्ष्य है। यह करीब सात शताब्दी तक सरस्वती नदी के लापता होने



के बाद गाद में दबी हुई थी। इसे भारतीय पुरातत्व विभाग ने फिर से खोजा और आज यह पर्यटक स्थलों में विश्वमे अनूठा नाम है। कहते हैं कि इस विश्वप्रसिद्ध सीढ़ीनुमा



बावड़ी के नीचे एक छोटा सा गेट भी है, जिसके अंदर करीब 30 किलोमीटर लंबी सुरंग बनी हुई है। यह सुरंग पाटण के सिद्धपुर में जाकर खुलती है।ऐसा माना जाता है कि पहले इस खुफिया सुरंग का इस्तेमाल राजा और उसका परिवार युद्ध या फिर किसी कठिन परिस्थिति में करते थे। फिलहाल यह सुरंग पत्थररों और कीचड़ों की वजह से बंद है।आज वर्तमान में रानी की वावमें देश दुनिया से लोग घूमने के लिए आते हैं। अगर एक बार अपने रानी की वाव को नहीं देखा तो मान लीजिए अपने जिंदगी में कुछ नहीं देखा, सच मानिए आप देखते ही रह जाएंगे इस बेनामून कारीगरीको। गुजरात के पाटन में स्थित यह रानी की वाव जहां पहुंचने के लिए आपको अहमदाबाद मेहसाणा से होकर पाटन जाना होता है, यदि आप पालनपुर से आते हो तो पालनपुर से सिद्धपुर होकर आप पाटन पहुंच सकते हैं। यहां पर आप रानी की वाव के अलावा सहस्त्र लिंग तालाब भी देख सकते हैं, यह भी बेहतरीन जगह है।



इसके अलावा पाटन पटोला के लिए भी



फेमस है, 900 साल पुराना है पटोला का इतिहास। पटोला एक प्रकार की साड़ी है जो बेहद खास है. इस साड़ी की सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये 100 साल तक चल सकती है। इसके अलावा इसके कीमत 1 लाख से शुरू होकर 4 या 5 लाख तक है। यह हस्तकला से बनती है पूरी साड़ी। और अगर आप पाटन के मुलाकात पर आते हो तो रानीकी वाव, पटोला साड़ी के साथ साथ यहां की प्रख्यात मिठाई देवड़ा चखनेका का लुत्फ जरूर उठाना।

# 10 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होगा पुरानी पेंशन के लिए धरना प्रदर्शन –जनक सिंह रावत

**राज्य एवं केंद्र के सभी कर्मचारी संगठन रहेंगे शामिल**

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** – पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारी लगातार मांग कर रहे थे इसी क्रम में 10 दिसंबर मानव अधिकार दिवस के अवसर पर दिल्ली के जंतर मंतर पर होगा विशाल धरना प्रदर्शन ऑल इंडिया एन पी.एस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह पटेल के नेतृत्व में केंद्रीय कर्मचारियों एवं राज्य के कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर को केंद्र सरकार के सभी विभागों के कर्मचारी एवं संगठनों द्वारा एवं राज्यों के कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे प्रदेश सहित देश के अनेक कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्ष कर



रहे हैं लेकिन आज दिनांक तक सरकार द्वारा कोई भी मांग नहीं मानी गई है अब केंद्र एवं राज्य के कर्मचारियों द्वारा केंद्र सरकार पर दवाव बनाने के लिए एवं पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिल्ली में लगातार आंदोलन जारी हैं इसी क्रम में 10 दिसंबर को मानव अधिकार आयोग के दिवस पर पुरानी पेंशन के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा संगठन प्रदेश एवं केंद्र के कर्मचारियों से आवाहन करता है अधिक से अधिक संख्या में इस सम्मेलन में सम्मिलित होकर पुरानी पेंशन आंदोलन को सफल बनाएं जंतर मंतर पर होने वाले आंदोलन में ऑल इंडिया एन.पी.एस. एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत पटेल सहित विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष एवं कर्मचारी शामिल रहेंगे रावत द्वारा अपील की गई है मध्य प्रदेश के कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल हो जिससे पुरानी पेंशन के लिए एक सशक्त मैसेज केंद्र सरकार को दिया जा सके अपील करने वालों में जनक सिंह रावत,वीरेंद्र रावत, सुल्तान आदिवासी, गिर्राज शुक्ला, बालू राम रावत, हरगोविंद रावत, वीरेंद्र शिवहरे,सुरेश रावत, हेमंत यादव, मुकेश रावत, नीरज मिश्रा, रेनू शर्मा मनोरमा सडेया सहित सभी कर्मचारियों द्वारा अपील की गई है

# लीपा पोती कर रातो रात सड़क निर्माण कर चलते बना ठेकेदार, विभाग को पता कि सड़क बन कर तैयार

पुष्पांजली टुडे



**रीवा।** गुढ़ नगर परिषद बार्ड 13 सीमा गणेश उच्च मा. विद्या से लेकर ग्राम पंचायत हरदुआ के पटपर तक ठेकेदार ने ऐसी सडक का निर्माण कराया है जो 10 दिन चल जाय उस डामरीकरण सडक का भाग्य ही माना जायेगा सड़क मे गिट्टी तो है पर डामर की जगह काला मोबीआयल है या लेप सड़क मे अगर दो पहिया वाहन का ब्रेक मारा जाता है तो गिट्टी बगल डामर चक्का में इस तरह से ठेकेदार ने शासन को पटीला लगाया है जो जिला कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियो व सक्षम विभाग के लिए जांच का विषय है। बरिगवा भटिगवां, भुसुनुआ रगनियां के लोगो ने उक्त डामरी करण नव निर्मित सडक की जांच कराने की मांग की गई है।

# खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली करें - कमिश्नर अनिल सुचारी



पुष्पांजली टुडे

**रीवा** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी खनिज अधिकारी निर्धारित वार्षिक राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली करें। सिंगरौली और सतना जिले में वसूली लक्ष्य से बहुत कम है। रीवा तथा सीधी जिले की भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली का अभियान चलाएं। इसके साथ-साथ खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। जिले के सभी प्रमुख मार्गों में खनिज परिवहन की नियमित जाँच करें। कमिश्नर ने कहा कि उत्खनन की स्वीकृति देते समय खनन संचालक से अनुबंध किया जाता है। अनुबंध की शर्तों का कठोरता से पालन कराएं। खदानों में चारों ओर सीमा चिन्ह अनिवार्य रूप से लगवाएं। खदानों तथा क्रेशर में धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के उपाय सुनिश्चित कराएं। इसका उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। खदानों में काम करने वाले मजदूरों को भी आवश्यक सुविधाएं देने के लिए खदान संचालकों को निर्दिष्ट करें। खनिज राजस्व के वर्तमान वर्ष की वसूली के साथ-साथ लंबित खनिज राजस्व एवं जुर्माने की राशि की भी वसूली करें। कलेक्टर खनिज राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा करें। बैठक में प्रभारी संभागीय खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में रीवा जिले में 24.90 करोड़, सतना में 118.27 करोड़, सीधी में 21.20 करोड़ तथा सिंगरौली में 2057 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले सभी जिलों में शत-प्रतिशत वसूली की जाएगी। खदानों तथा क्रेशर संचालकों से पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के मानकों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। खनिज पदार्थों का अवैध परिवहन रोकने के लिए पुलिस विभाग के सहयोग से अभियान चलाया जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त निलेश परीख, उप संचालक डीएस सिंह तथा संभाग के सभी जिलों के खनिज अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव में जीत के सही आंकड़े बताने पर दिया 21 हजार का इनाम



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया के एक समर्थक वैभव तिवारी नें अपनी फेसबुक पोस्ट पर भाजपा प्रत्याशी जयंत मलैया कि जीत का सही आंकड़ा बताने वाले को 21हजार देने कि बात कही गयी थीं। फेसबुक पर पोस्ट करने के बाद जिले के अलग अलग स्थानों से कमेंट आने के बाद जिसका आंकड़ा सबसे ज्यादा था उसे प्रोत्साहन राशि के रूप में 21हजार का चेक दिया गया।फेसबुक कमेंट में सबसे ज्यादा 26हजार से जीत का आंकड़ा बताने वाले शहर के कमल सिंघई नाम के युवा को वैभव तिवारी के द्वारा 21हजार का चेक प्रदान किया गया।

# ब्यापारियो दुकानदारो टैक्सी वालो व यात्रियो के लिए सरदर्द बना गुढ़ का ये गौ शाला बना बस स्टैण्ड

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** भला आप ही बताइए क्या यह तस्वीर देख कर आप कहेगे कि यह गुढ़ विधान सभा क्षेत्र मुख्यालय नगर परिषद का बस स्टैण्ड है क्या इसी तरह स्टैण्ड का रुतवा होना चाहिए आपको बता दे कि एक समय पर यह स्टैण्ड रीवा जिला ही नही बल्कि प्रदेश भर मे जाना जाता था जहाँ आज भी राजनेताओ की सभांए यहां होती थी लेकिन अब गौः शाला बनने के बाद यहां मवेशियो के अलावा कोई नही दिखाई देता यहां के दुकानदार भी रो रहे है स्टैण्ड का ब्यापार ठप्प होगया है बाईपास बनने के बाद से कोई वाहन यहाँ नही पहुंच रह है नगर परिषद एवं आर टी ओ व जिला प्रशासन तथा यहाँ के जनप्रतिनिधियो से भा0 सर्व सेवा संगठन अध्यक्ष उमेश पिडिहा एवं स्थानीय





पत्रकार इन्द्रभान उपाध्याय, अनंत गुप्ता, इसराइल खांन, विकाश तिवारी, शिवेश चतुर्वेदी, राजभान उपाध्याय द्वारा कई बार स्टैण्ड में यात्री वाहनो को लाने की मांग की गई जिससे स्टैण्ड की आंन मान शान बनी रहे लेकिन किसी के कानो में जू तक नही रेगी आखिर गुढ़ नगर को किसकी नजर लगी हुई है कि गुढ़ स्टैण्ड गौः शाला में बदला हुआ है नगर के अन्दर से निकलने वाली नें0 हा0 न0 75 के सडक निर्माण का ठेका होने के 6 माह बाद भी सडक का निर्माण नही हुआ जो भी सड़क थी उसे भी खदवा कर फेक दिया गया जहां आए दिन बोल्डरो से दोपहिया वाहन चालक फिसल कर अस्पताल पहुंच रहे है। आखिर क्यों न तो शासन न तो प्रशासन न ही पुलिस ध्यान दे

# कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कृषि महाविद्यालय तिराहा से बड़ी पुल तक बनाई जा रही सड़क का किया निरीक्षण

## आगामी एक सप्ताह में सड़क से आवागमन प्रारंभ करने के दिए निर्देश

पुष्पांजली टुडे

**रीवा** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कृषि महाविद्यालय तिराहा से बड़ी पुल तक बनाई जा रही कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में शेष कार्यों को पूरा कराते हुए सड़क से आवागमन प्रारंभ कराएं। उन्होंने सड़के दोनों किनारों की पटरी में मुरम बिछाकर लेबल कराते हुए निर्माणाधीन पुलिया के कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष पाँच सौ मीटर की सड़क के अधूरे रह गए कार्य को एक सप्ताह में हर हालत में पूरा कर आवागमन प्रारंभ करने के निर्देश भ्रमण के दौरान अधिकारियों को दिए। अपने भ्रमण के क्रम में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विश्वकर्मा मंदिर के सामने से होकर पचमठा आश्रम के आगे



तक बनाई जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित अधिकारियों को नाला का कार्य शीघ्र पूरा कराते हुए सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी हुजूर डॉ अनुराग तिवारी, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी एमके द्विवेदी, तहसीलदार यत्नेश शुक्ला उपस्थित रहे।

# चार स्कूल बस बिना परमिट जप्त एवं 12 स्कूल बसों पर चलानी कारवाही

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** कलेक्टर महोदय रीवा के आदेशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले भर में स्कूल बसो के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया जिसमें 4 बसे बिना परमिट स्कूल परिसर में खड़ी पाई गई। जिन्हें जप्त कर स्कूल प्रबंधन को ही सुपुर्दगी में दे दिया गया की जब तक इन बसों का परिमिट फिटनेश बीमा के साथ बसों को परमिट शर्तों के अनुसार सही नहीं हो जाती तब तक आप इन बसों का संचालन नहीं करेंगे। अन्यथा आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा 12 स्कूल बसो के ऊपर चालानी कार्यवाही भी की गई, जिसमें बसों में अग्निशमन यंत्र का ना होना फास्टेड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र बसों के ऊपर स्कूल का मोबाइल नंबर अंकित नहीं पाया




गया, ऐसी बसों के विरुद्ध परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा चालानी कार्रवाही की गई। स्कूल बसों में विशेष रूप से स्पीड गवर्नर की जांच की गई क्योंकि जिले में इस समय मौसम खराब होने के कारण सड़क पर काफी धुंध एवं कोहरे का वातावरण बना हुआ है जिस पर चालक को मार्ग देखने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जप्त की गई स्कूल बसों में उमादत्त पब्लिक स्कूल ढेकहा की दो बस ,महर्षि विद्या मंदिर की एक बस एवं महाराजा पब्लिक स्कूल की एक बस शामिल है, सभी साला प्रबंधकों एवं चालको को यह समझाइए दी गई की बच्चों को सुरक्षित लाए और ले जाएं बसों को ओवर स्पीड में ना चलाएं बसों में क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाये। परिवहन विभाग द्वारा आज की गई कुल कार्रवाही से 42000 रुपए का राजस्व वसूल किया गया।

# लोकायुक्त रीवा की कार्यवाई में केंद्रीय विद्यालय का प्रचार्य रिश्वत लेते हुए पकड़े गए



पुष्पांजली टुडे

**नाम आवेदक**- श्री सत्य प्रकाश पिता श्री सत्येंद्र कुमार प्रभाकर निवासी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 कर्मचारी आवास टाइप 2-1 रीवा उच्च श्रेणी लिपिक (एस एस )केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रीवा आरोपी - श्री सतपाल सिंह प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रीवा ट्रेप रिश्वत राशि -? 19000 **घटना स्थल** - प्राचार्य कक्ष केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रीवा कार्य का विवरण- शिकायतकर्ता से 200000 रुपए के इंटरएक्टिव पैनल क्रय करने के बाद बिल के भुगतान के लिए बिल का 12त्न कमिशन के रूप में अपने ही कार्यालय में पदस्थ एस एस लिपिक से रिश्वत की मांग की गई जिसे आज दिनांक 07.12.2023 को ?19000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गयाट्रेपकर्ता अधिकारी श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षकट्रेप दल के सदस्य श्री प्रवीण सिंह परिहार के साथ निरीक्षक श्री प्रमेंद्र कुमार सिंह सहित 15 सदस्यीय टीम

# रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक



पुष्पांजली टुडे

**रीवा** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के द्वारा रीवा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा संबंधी बैठक ली गई, बैठक के दौरान भा.द.वि. , पॉक्सो एक्ट के अपराधों, महिलाओं पर घटित अपराधों, अनुसूचित जाति / जनजाति जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत पंजीबद्ध अपराधों पर अंकुश लगाए जाने, पीडितों को शासन से प्राप्त होने की विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा सम्पत्ति संबंधी अपराधों में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी व मशरूका बरामदगी किए जाने, सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही, सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण, नाबालिक बालक / बालिकाओं की शत् प्रतिशत् दस्तयाबी करने, लंबित अपराधों, मर्गो, शिकायतों, चलानी कार्यवाही की समीक्षा कर निराकरण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं टैबलेट के माध्यम से ई.विवेचना कार्यवाही करने के संबंध में निर्देश दिए गए है। साथ ही लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों को बाउण्ड ओवर कराए जाने के निर्देश दिए गए । साथ ही नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरूद्व निरंतर अभियान चलाकर सख्त प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए है बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा अनिल सोनकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती



शिवाली चतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्रीमती हिमाली पाठक, व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का रूट ऐसा हो जिससे अधिकाधिक लोगों को लाभ मिल सके : कलेक्टर

**ग्वालियर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर निकाली जा रही ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ ग्वालियर जिले में भी गाँव-गाँव व शहर-शहर पहुँचेगी। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जिले में सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से यात्रा का आयोजन करने के सिलसिले में गुरूवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप यात्रा के दौरान जरूरतमंद हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएँ। साथ ही यात्रा का रूट इस प्रकार से हो जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा यात्रा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य भागीदार बनाएँ। ज्ञात हो प्रधानमंत्री मोदी ने ÷जनजातीय गौरव दिवस÷ पर इस यात्रा का शुभारंभ किया था।

कलेक्टर सिंह ने शहरी क्षेत्र में यात्रा के आयोजन के लिये नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह और ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा के समन्वय का दायित्व एडीएम टीएन सिंह को सौंपा गया है। यात्रा की कार्ययोजना,



गतिविधियाँ और कार्य विभाजन को अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार अंतिम रूप देंगीं। कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में यात्रा का रूट निर्धारित करें। साथ ही यात्रा के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी अंतिम रूप दें। बैठक में जानकारी दी गई कि ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के दौरान नागरिकों को आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वामित्व योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इत्यादि योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही यह भी पता लगाया जायेगा कि जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुँचने में कोई बाधा तो नहीं है। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जायेंगे। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार व टीएन सिंह सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# लक्ष्मीबाई समाधि के सामने के मैदान का प्रतिदिन के हिसाब से किराया निर्धारित होगा



**ग्वालियर।** वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि के सामने स्थित फूलबाग मैदान क्रमांक-2 पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के मेलों व एक्सपो सहित अन्य ऐसे आयोजनों जिनमें व्यावसायिक गतिविधियाँ होती हैं, उनके लिए प्रतिदिन का किराया निर्धारण होने जा रहा है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने किराया निर्धारण करने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी झाँसी रोड की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जिला पंजीयक एवं उप आयुक्त राजस्व नगर निगम को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। समिति को मौका मुआयना कर 15 दिवस के भीतर प्रतिदिन के हिसाब से फूलबाग मैदान क्रमांक-2 का किराया निर्धारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गिट्टी खदानें को केंद्र से मिली राहत पर फिर रोक, अब शासन जाएगा सुप्रीम कोर्ट

ग्वालियर (नप्र)। काली गिट्टी व पत्थर की जिन खदानों पर एनजीटी की रोक के बाद केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर राहत दे दी थी उन पर एनजीटी की आपत्ति के बाद दोबारा रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने अप्रैल तक इन खदानों के संचालन को अनुमति दी थी। अब प्रदेश सरकार इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने जा रही है जिससे अप्रैल तक संचालन यथावत रखा जा सके। इस आदेश का प्रभाव ग्वालियर की सौ से ज्यादा खदानों पर भी प?ा है जिनमें कुछ बंद करा दी गई थी लेकिन काफी खदानें अब भी चल रहीं हैं।खनिज विभाग के अनुसार ऐसी खदानें जिनके पास राज्य स्तरीय पर्यावरण एनओसी नहीं है, उन्हें बंद कराया जा रहा है, निगरानी भी कर रहे



हैं। वहीं पोर्टल भी बंद कर दिया गया है। यहां बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को शिकायतें मिल रहीं थीं कि नियम कायदों को न मानते हुए कई जिले जलस्त्रोत व ऐसे स्थानों पर जिला स्तर की पर्यावरण एनओसी जारी कर रहे हैं जो नहीं की जाना चाहिए थी, इस कारण पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इसी कारण एनजीटी ने सख्त कदम उठाते हुए पूरे प्रदेश में जिला स्तर को जारी सभी एनओसी को रद कर दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से एक आदेश जारी कर अप्रैल माह तक खदानों को संचालित रखने की छूट दी गई है। अब एनजीटी की दोबारा आपत्ति आई है जिसमें सिर्फ स्टेट लेवल यानी एमपी स्टेट एनवायरनमेंट इंपैक्ट अथारिटी की एनओसी वाली खदानें ही संचालित हो सकेंगी।

# चाचा ने पांच बीघा जमीन पर कब्जा किया तो उसे फंसाने को रचा लूट का षडयंत्र

**ग्वालियर** चाचा को फंसाने के लिये खुद से लूट की झूठी कहानी रच षडयंत्र रचा पर पुलिस ने इस कहानी का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख 80 हजार रुपए की रकम भी बरामद कर ली है। घटना में लूट का फरियादी ही असली मुजरिम निकला।भगवानलाल मोदी निवासी करहिया रोड भितरवार द्वारा पांच दिसंबर को को थाना डबरा देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चार दिसंबर को को वह अपनी धान लेकर मंडी डबरा में बेचने आया था, जो 1,80,180/- रूपये की धान बेचकर रकम प्राप्त कर शाम को अपने ट्रैक्टर ट्राली से हमराही मिथुन के साथ गांव जा रहा था। जैसे ही वह महाकाल फैक्ट्री के आगे पहुंचा, उस समय शाम के समय रोड किनारे एक लड़का रोड किनारे लेटा हुआ व तीन लड़के खड़े हुए दिखे उनके पास दो मोटर साईकिल खडी थी।



उनमें से एक लड़के ने हाथ दिया मैं समझा हो सकता हैं कि जो लड़का लेटा हुआ है उसकी तबियत खराब है तो ट्रैक्टर रोककर नीचे उतरा पूछा क्या बात है तो उनमें से एक व्यक्ति ने पेट में कट्टा अडा दिया और दूसरे ने जेब में रखे 1,80,180/- रूपये छीन लिये। रूपये छीनने के बाद चारों लोग अपनी-अपनी मोटर साइकलों से डबरा तरफ भाग गये।फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना डबरा देहात पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना डबरा देहात क्षेत्र में दिन दहाड़े हुई लूट के मामले की गंभीरता को देखते हुए थघटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किए गए। फरियादी भगवानलाल व उसके साथ मिथुन जाटव से पृथक-पृथक पूछताछ की गई तो उन दोनों के द्वारा कभी कुछ तो कभी कुछ होना बताया। मामला संदेहात्मक पाया जाने से फरियादी व साथी मिथुन जाटव से गहनता से पूछताछ की तो फरियादी द्वारा बताया गया कि चाचा बलराम मोदी ने पाँच बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया इसलिये उनको झूठा फसाने के लिये षडयंत्र रचा था। रूपये पन्नी में लपेटकर ट्रैक्टर ट्राली के टूल बॉक्स में छिपाकर रख दिये हैं। पुलिस टीम द्वारा फरियादी की निशानदेही पर ट्रेक्टर ट्राली के टूल बॉक्स से 1,80,180/- रूपये बरामद कर जब्त किये गये। फरियादी भगवानलाल मोदी द्वारा अपने चाचा बलराम मोदी को लूट के झूठे प्रकरण में फसाने के उद्देश्य से मिथुन जाटव के साथ मिलकर लूट की घटना का षडयंत्र रचा था। फरियादी द्वारा झूठी लूट की रिपोर्ट दर्ज कराने पर डबरा देहात पुलिस द्वारा फरियादी और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा लिखा है।

# हवालात में रोता रहा इपीएफओ आयुक्त, बोला- टारगेट कर फंसाया जा रहा




**ग्वालियर,।** बन्हेरी सरपंच विक्रम रावत की हत्या के मामले में मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा गया इपीएफओ आयुक्त मुकेश रावत हवालात में रोता रहा। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वह खुद को निर्दोष बताकर बार-बार बोल रहा है- उसे टारगेट कर फंसाया जा रहा है। जबकि विक्रम के परिवार वालों का कहना है- दोनों हत्या के मामलों में पूरा दिमाग मुकेश रावत और उसकी पत्नी कृष्णा रावत का ही है। दोनों ही बंटी व अन्य लोगों को शह देते थे। इन्हीं की शह पर वह गांव में उत्पात मचाते थे। पहले भी इसी की शह पर हत्या की गई थी।

**इस तरह हुआ था घटनाक्रम**-9 अक्टूबर को बन्हेरी सरपंच विक्रम रावत ग्वालियर के कांति नगर इलाके में अपने वकील से मिलने के लिए आया था। विक्रम के चचेरे भाई रामनिवास की गांव के लोगों ने ही हत्या कर दी थी। एक आरोपित की जमानत रद्द करवाने के लिए वह वकील से मिलने आया था। इसी दौरान उसकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में इंदौर के इपीएफओ आयुक्त मुकेश रावत, उसके भाई बंटी रावत, अतेंद्र रावत सहित अन्य लोगों पर हत्या की एफआइआर पड़ाव थाने में दर्ज हुई थी। बंटी व अन्य आरोपित पहले ही पकड़े जा चुके थे। मुकेश फरार चल रहा था। वह बेंगलुरू भागने की फिराक में था, इससे पहले ही उसे पुलिस ने पकड़ लिया। मुंबई पुलिस और सीआइएसएफ की मदद से उसे पकड़ा गया। उसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# मेले में राजनीतिक नियुक्तियां इस बार भी नहीं

**ग्वालियर (नप्र)।** भाजपा कार्यकर्ता पिछले पौने चार साल से मेला प्राधिकरण में नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। इस अवधि में मेला अधिकारियों के हवाले रहा था। इस साल भी मेला लगाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है। मेला में कोई नवाचार करने का प्रयास अधिकारियों ने नहीं किया है। केवल उनकी इतनी इच्छा रहती है कि बिना किसी झंझट के मेला लग जाए। लंबे अरसे से मेला प्राधिकरण में राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार भाजपा कार्यकर्ता भी कर रहे हैं। कई बार इन राजनीतिक नियुक्तियों की शीर्ष स्तर पर सूची कागजों पर बनी और फट भी गई। फिलहाल मेले में एक ही आकर्षण रह गया है वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने से इस बार भी छूट मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दवाब में आनन-फानन में मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष



के रूप में प्रशांत गंगवाल व उपाध्यक्ष के पद पर प्रवीण अग्रवाल की नियुक्ति हुई। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मेला का आकर्षण बरकरार रखने के लिए कुछ प्रयोग करते, उससे पहले ही कांग्रेस की सरकार गिर गई। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने भी इस्तीफे दे दिए। सिंधिया के भाजपा में आने के बाद उम्मीद थी कि कम से कम मेला प्राधिकरण में तो राजनीतिक नियुक्तियां प्राथमिकता के आधार पर हो जाएंगीं। क्योंकि मेला से सिंधिया परिवार का विशेष लगाव माना जाता है।

**पौने चार साल से मेला प्राधिकरण में नियुक्ति का इंतजार**-भाजपा कार्यकर्ता पौने चार वर्ष से नियुक्तियां का इंतजार कर रहे हैं। किंतु आपसी खींचतान में पूरा कार्यकाल निकल गया, लेकिन निगम मंडलों में नियुक्तियां नहीं हो पाई। इस बार उम्मीद है कि आने वाली नई सरकार लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक नियुक्तियां कर कार्यकर्ताओं को खुश करने का प्रयास करेंगी। क्योंकि चुनाव से पहले नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए नेतृत्व को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा।

# उपभोक्ता बढ़े, खपत घटी, अफसर बोले- ऊर्जा बचत के बढ़े उपकरण

ग्वालियर (नप्र)। शहर से ग्रामीण तक बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। बावजूद इसके बिजली की खपत घट रही है। यह आंकड़ा इसलिए चौंकाने वाला है कि शहर में उपभोक्ताओं की संख्या में रोज बढ़ोतरी हो रही है। बिजली की खपत कम होने का कारण ऊर्जा बचत वाले उपकरणों के उपयोग को माना जा रहा है। एक अक्टूबर 2023 तक बिजली की खपत 36.75 लाख यूनिट थी, जो अब 31 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 35.81 लाख यूनिट है। इस तरह जिले में बिजली की खपत 0.94 लाख यूनिट कम हुई है। शहर वृत्त के चार संभाग में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या दो लाख 42 हजार 668 और व्यवसायिक उपभोक्ताओं की संख्या 39 हजार 351 है। ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 33 हजार 203 घरेलू और व्यवसायिक



उपभोक्ताओं की संख्या आठ हजार 972 है। अप्रैल माह में शहर वृत्त में उपभोक्ताओं की संख्या करीब दो लाख बीस हजार थी। वहीं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की संख्या तीस हजार के करीब थी। ग्रामीण क्षेत्र में अप्रैल माह में घरेलू उपभोक्ता एक लाख 32 हजार 256 और व्यवसायिक उपभोक्ता आठ हजार 920 थे। सिटी सर्किल के महाप्रबंधक नितिन मांगलिक के मुताबिक खपत कम होने का कारण अधिकांश घरों में ऊर्जा बचत वाले उपकरणों का उपयोग है। बड़े उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगाकर बिजली की खपत को कम किया है।

**यह भी रहे खपत**-कम के कारण विद्युत वितरण कंपनी ने योजना चलाकर एलइडी बल्ब बेचे। बाजार में ऊर्जा बचत वाले उपकरणों की उपलब्धता, नियमित मीटर रीडिंग होना, बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं की संख्या में कमी, विजिलेंस की सक्रियता, सोलर ऊर्जा, मीटर शिफ्टिंग और केबलिंग के चलते बिजली चोरी में कमी आना खपत कम होने का कारण बने।

# फूलबाग मैदान में प्रदर्शनी-मेला के नाम पर कमाई अब नहीं, रोज लगेगा किराया



**ग्वालियर (नप्र)।** रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल के सामने फूलबाग मैदान क्रं-दो पर अब व्यक्तिगत या व्यावसायिक आयोजन के लिए आयोजकों को प्रीमियम किराया देना होगा। जिला प्रशासन इस राशि को रेडक्रास में जमा कराएगा। इसी मैदान में खाली मेला व प्रदर्शनियों के आयोजन को लेकर विवाद ख?ा हो गया है, यहां खादी का नाम उपयोग करके होने वाले आयोजनों पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने आपत्ति कर कलेक्टर को पत्र लिखा है। अब जिला प्रशासन ने इस मैदान को लेकर समिति का गठन किया है, जिसमें इस मैदान को उपयोग करने के लिए किराया निर्धारण करना बाकी है। इस समिति में प्रशासन, निगम व भाड़ा नियंत्रक अधिकारी शामिल रहेंगे।

**एक दिन का किराया हो सकता है 20 से 30 हजार**-किराया 20 से 30 हजार प्रतिदिन प्रस्तावित किया जा सकता है। बता दें कि भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने ग्वालियर में दिसंबर से फरवरी तक प्रस्तावित तीन खादी मेलों को अवैधानिक ठहराया है। आयोग ने ग्वालियर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह से कहा है कि जिन तीन संस्थाओं ने खादी मेला के आयोजन को लेकर अनुमति मांगी है, वह आयोग से संबद्ध संस्था नहीं है, यह खादी ट्रेडमार्क का दुरुपयोग है। मध्य भारत खादी संघ ग्वालियर की ओर से भेजी गई शिकायत के आधार पर आयोग ने यह संज्ञान लिया है। आयोग की ओर से ग्वालियर कलेक्टर को पत्र भेजा गया है। इसमें आवेदक रंजीत सिंह, सम्यक समाज संघ निजी सचिव राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से 25 दिसंबर से 11 जनवरी तक खादी हैंडलूम एवं हैंडी क्राफ्ट प्रदर्शनी, एएस ग्रुप गारमेंट्स ग्वालियर की ओर से खादी हैंडलूम व हैंडी क्राफ्ट मेला 15 जनवरी से 30 जनवरी तक और अनिल कुमार, शीतल इंटरप्राइजेस ग्वालियर की ओर से खादी हैंडलूम एवं हैंडी क्राफ्ट मेला का आयोजन तीन फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक लगाने की अनुमति मांगी गई है। यह तीनों फर्में खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार की पंजीकृत-मान्यता प्राप्त संस्था नहीं है और खादी के नाम से कोई भी कार्यक्रम करने के लिए आयोग से अधिकृत नहीं हैं।

# सरपंच की हत्या में नामजद EPFO आयुक्त को लेकर ग्वालियर पहुंची पुलिस

**ग्वालियर।** ईपीएफओ आयुक्त मुकेश रावत को लेकर ग्वालियर पुलिस की टीम बुधवार को ग्वालियर पहुंची। उससे अभी पुलिस ने पूछताछ की, जिसमें वह खुद को निर्दोष बता रहा है। वह बोला- जिस दिन हत्या हुई, उस दिन ड्यूटी पर ही था। उसके सगे भाई बंटी ने भी उसे कुछ नहीं बताया। रात को उसे पता लगा कि उस पर भी हत्या की एफआइआर हो गई है और विक्रम की हत्या हो गई है।

**अलग-अलग शहरों में काट रहा था फरारी**-आरोपित मुकेश रावत बनारस, पुरी, राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, मुंबई घूमता रहा। वह अपनी लोकेशन पुलिस से बचने के लिए बदल रहा था। बेंगलुरू भागने से पहले पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से उसे पकड़ लिया। नौ अक्टूबर को कांति नगर में बन्हेरी सरपंच विक्रम रावत की



हत्या में नामजद ईपीएफओ आयुक्त मुकेश रावत को पुलिस ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई में कोर्ट में पेश कर ग्वालियर पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बुधवार शाम को ग्वालियर पहुंची। उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा और पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।मुकेश से बुधवार को सीएसपी इंदरगंज अशोक सिंह जादौन और पड़ाव थाना प्रभारी इला टंडन ने पूछताछ की। मुकेश से जब पूछताछ की गई तो वह पुलिस को गुमराह करने लगा। मुकेश ने बताया कि वह पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर भाग रहा था। बेंगलुरू में उसका दोस्त इंजीनियर है। उसके साथ ही उसने एमटेक की थी, उसके पास जा रहा था। इससे पहले ही वह पकड़ा गया।

पुलिस ने जब उससे उसकी भूमिका के बारे में पूछा तो खुद को निर्दोष बताने लगा। पुलिस को पता लगा है कि वह लगातार संपर्क में था। बंटी उसी की शह पर यह पूरा कांड कर गया। बंटी को यह विश्वास था कि उसका भाई उसे और उसके साथियों को बचा लेगा। आरोपित मुकेश रावत पूछताछ में बोला कि पहले रामनिवास हत्याकांड में उसे और उसके परिवार को झूठा फंसाया था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478